वर्ष 26 अंक 113 इन्दौर, बुधवार 23 नवम्बर 2011 E-mail-awantika_sandhya@yahoo.com पृष्ठ-8 डाक पंजीयन क्रमांक आय.डी.सी./एम.पी.995/2009-11




फिल्म द डर्टी पिक्चर के प्रमोशन के दौरान बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी और अभिनेत्री विद्या बालन।


दैनिक
# अवन्तिका

आर.एन.आई. नं. 45080/85

संस्थापक-स्व. गोवर्द्धनलालजी मेहता

कीमत 1 रुपये




गुजरात हाईकोर्ट द्वारा इशरत जहां एनकाउंटर को फर्जी करार देने के फैसले का इशरत के परिवारवालों ने स्वागत किया और इस फैसले पर खुशी का इजहार किया।

## ऑस्ट्रेलियाई महिला सहित दून एक्सप्रेस में 7 यात्री जिंदा जले



गिरिडीह 22 **नवम्बर (एजेन्सी)।** हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस में मरने वालों की संख्या बढ़ कर सात हो गई है। मरने वालों में एक ऑस्ट्रेलियाई महिला भी है। आग पर काबू पा लिया गया है। रेल मंत्री दिनेश त्रिवेदी ने हादसे के आठ घंटे के बाद बयान जारी किया। रेल मंत्री ने कहा, 'दून एक्सप्रेस का हादसा दुर्भाग्यपूर्ण है। आग के कारणों की जांच की जा रही है।

घटना का पता चलते ही हमने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।' उन्होंने कहा कि संसद में बयान देने के लिए उन्होंने नोटिस दिया है। लेकिन संसद की कार्यवाही तो मंगलवार को हंगामे की भेंट चढ़ गई। ट्रेन हावड़ा से देहरादून जा रही थी। हादसा झारखंड के गिरीडीह जिले में निमिया घाट और पारसनाथ स्टेशनों के बीच हुआ। ट्रेन के थर्ड एसी के दो डिब्बों में रात करीब ढाई बजे एसी बोगी बी1 में आग लगी। देखते ही देखते आग बी2 बोगी में पहुंच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक किसी मुसाफिर ने एसी बंद कर हीटर ऑन कर दिया जिससे दम घुटने की स्थिति बन गई। एसी बोगी में मौजूद मुसाफिर ने हीटर बंद कर एसी चालू करने की मांग की लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। शायद यही हादसे की वजह बनी। भारतीय रेलवे के सीपीआरओ अनिल सक्सेना ने बताया कि मरने वालों में एक पांच साल बच्ची अर्पिता और डॉ. अनु मित्ता (25) की शिनाख्त हो पाई है। जांच के आदेश दे दिए गए हैं। कमिश्नर, रेलवे सेफ्टी (ईस्टर्न सेक्टर) को इस हादसे की जांच का जिम्मा सौंपा गया है। धनबाद रेल मंडल के डीआरएम ने मरने वालों में एक ऑस्ट्रेलियाई महिला के शामिल होने की बात कही है। हादसे का शिकार बनी ट्रेन संख्या 13009 के क्षतिग्रस्त बोगियों बी 1 और बी 2 को ट्रेन से काटकर अलग कर लिया गया है। मौके पर रेलवे के आला अधिकारी पहुंच गए हैं।



अहमदनगर के रालेगां सिद्धी में मोम की बनी अपनी मूर्ति के पास बैठे अन्ना हजारे और पीछे बैठे हैं इस मूर्ति को आकार देने वाले सुनील कांडुलुर।

## विपक्ष की चेतावनी, महंगाई कम नहीं हुई तो सड़कों पर भड़केगी हिंसा

नई दिल्ली 22 **नवम्बर (एजेन्सी)।** लगातार बढ़ रही महंगाई पर गुस्सा जाहिर करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता यशवंत सिन्हा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यदि महंगाई ऐसे ही बढ़ती रही तो लोगों को गुस्सा काबू से बाहर हो जाएगा और वो सड़कों पर उतर आएगी।

सिन्हा ने सरकार को चेतावनी देते हुए यह भी कहा कि यदि महंगाई जल्द ही कम नहीं हुई तो देश की जनता हिंसा पर उतारू हो जाएगी। भाजपा नेता के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता राशित अल्वी ने कहा कि लोगों की भावनाएं भड़काना के लिए दिया गया यह राष्ट्रविरोधी बयान निंदनीय है। वहीं वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी ने मंगलवार को कहा कि इस वित्त वर्ष के अंत तक महंगाई 6-7 प्रतिशत तक आ जाएगी और अगले 6-12 महीनों में यह अधिक स्वीकार्य स्तर तक कम हो जाएगी। मुखर्जी ने कहा कि सरकार महंगाई दर कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। मार्च तक महंगाई दर 6-7 प्रतिशत तक आ जाएगी और अगले साल के अंत तक यह और कम हो जाएगी। इसी बीच संसद के दोनों सदनों में गृहमंत्री पी चिदंबरम के विरोध में किए गए हंगामों की निंदा करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि विपक्ष की मांग गैर जिम्मेदाराना है। आज वो एक मंत्री को हटाने की मांग कर रहे हैं, कल वो पूरी सरकार को हटाने की मांग कर सकते हैं। भाजपा किसी भी सूरत में देश को चलने नहीं देना चाहती है। वहीं भाजपा नेता बलवीर पुंज ने चिदंबरम को हटाए जाने की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि हमारे लिए पी चिदंबरम अब देश के गृहमंत्री नहीं हैं, वो सिर्फ एक संदिग्ध हैं जिनकी जांच होनी चाहिए। देश के सबसे बड़े घोटाले में शामिल होकर वो गृहमंत्री बने हुए हैं।

## चिदंबरम का बहिष्कार विपक्ष का लोकतात्रिक अधिकार-भाजपा

नई दिल्ली 22 **नवम्बर (एजेन्सी)।** संसद के शीतकालीन सत्र में राजग द्वारा गृहमंत्री पी चिदंबरम का बहिष्कार करने के फैसले को पूरी तरह से जायज़ ठहराते हुए भाजपा ने आज कहा कि यह विपक्ष का लोकतात्रिक अधिकार है। उसने कहा कि टूजी स्पेक्ट्रम मामले में प्रधानमंत्री के नाम लिखे वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी के नोट के सार्वजनिक होने के मद्देनजर ऐसा किया जाना स्वभाविक कदम है। संसद भवन परिसर में भाजपा के वरिष्ठ नेता वेंकैया नायडू ने संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री के नाम प्रणब के नोट को पढ़ने के बाद कोई भी चिदंबरम से इस्तीफा देने के लिए कहे बिना नहीं रह सकता है। हमने भी ऐसा ही किया है। काग्रेस पूर्व में जार्ज फर्नाडिस के साथ ऐसा कर चुकी है जब निर्दोष जार्ज को उन्होंने छह महीने तक बोलने नहीं दिया था।

### हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हुईं ऐश

महानायक अमिताभ बच्चन अपनी नन्ही पोती को छुपा कर ही रखना चाहते हैं। 22 नवंबर की दोपहर ऐश सेवन हिल्स अस्पताल से डिलीवरी के बाद डिस्चार्ज हो गईं मगर बिग बी ने इस बात का पूरा ध्यान रखा कि उनकी पोती की झलक भी किसी को ना दिखे। सूत्रों के अनुसार अमिताभ ने अपने सुरक्षागार्ड्स को पहले ही चेता दिया था कि ऐश के डिस्चार्ज होने पर अस्पताल के बाहर कैमरा लिए फोटोग्राफरों का जमावड़ा जरुर मिलेगा। इसलिए उनसे निपटने के लिए तैयार रहें और इस बात का ध्यान रखें कि बच्ची की तस्वीर कोई न ले सके। वैसे पोती को लेकर बिग बी इतने चिंतित थे कि अस्पताल से बाहर निकलने के दौरान उन्होंने बच्ची को अपनी बाहों में थामना ही ठीक समझा। बिग बी ने पूरी कोशिश की कि उनकी पोती पर किसी कैमेरामैन की नजर न पड़ सके जो जूम किया हुआ इसी बात की राह देख रहा था। मगर बिग बी ने सबके अरमानों पर जैसे पानी फेर दिया। वैसे बिग बी पहले ही अपने इरादे जता चुके थे कि वह अपनी पोती की तस्वीरें सार्वजनिक नहीं करेंगे।

### दिल्ली उच्च न्यायालय का आश्चर्यजनक फैसला

## टूजी मामले की सुनवाई तिहाड़ जेल में हो

नई दिल्ली.दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को एक आश्चर्यजनक घटनाक्रम में बहुचर्चित टूजी स्पेक्ट्रम घोटले मुकदमे की सुनवाई अति सुरक्षा वाली तिहाड़ जेल में करने का निर्देश जारी किया। दिल्ली उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल वी.टी. वैश द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ए.के. सीकरी और इस न्यायालय के न्यायाधीश यह आदेश जारी कर संतुष्ट हैं कि 2जी स्पेक्ट्रम मामले की सुनवाई तिहाड़ जेल परिसर में होगी। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के विशेष न्यायाधीश ओ.पी. सैनी ने कहा, कल (बुधवार) से सुनवाई तिहाड़ जेल परिसर में होगी। बचाव और अभियोजन पक्ष के वकीलों ने हालांकि इसका विरोध किया। सरकारी वकील यू.यू.ललित ने कहा, हम गवाहों को पटियाला हाउस न्यायालय परिसर में पेश होने के लिए पहले ही सम्मन जारी कर चुके हैं। सुनवाई स्थानांतरित किए जाने से भ्रम की स्थिति पैदा होगी।मामले में अभियुक्त पूर्व दूरसंचार मंत्री ए राजा और द्रमुक सांसद कनिमोझी सहित विभिन्न अभियुक्तों के वकीलों ने इस फैसले पर आपत्ति व्यक्त की।

## कांग्रेस सत्ता में आई तो यूपी की तस्वीर बदल दूंगा



बाराबंकी 22 **नवम्बर (एजेन्सी)।** उत्तर प्रदेश की मायावती सरकार पर केंद्र सरकार द्वारा भेजे गए धन में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कांग्रेस महासचिव राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि बसपा की सरकार में जनता को फायदा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि सूबे में कांग्रेस की सरकार बनी तो 10 वर्षों में राज्य की तस्वीर बदल जाएगी। राज्य के बाराबंकी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि केंद्र द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना सहित विभिन्न कार्यक्रमों के तहत भेजे गए हजारों करोड़ रुपये यहां के मंत्रियों, अफसरों और ठेकेदारों की जेब में चले गए। कांग्रेस की सरकार बनाने की अपील करते हुए राहुल ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो 10 साल के अंदर ही सूबे को नंबर वन बना देंगे। हम राज्य में विकास और प्रगति लाएंगे।

### खबरिया चैनलों की बढ़ रही है भीड़

नई दिल्ली 22 **नवम्बर (एजेन्सी)।** देश में इस समय कुल 430 खबरिया चैनल हैं जबकि 201 समाचार चैनलों को मंजूरी मिल चुकी है और 208 समाचार चैनलों के आवेदन पर विचार किया जा रहा है। सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री सी एम जतुआ ने मंगलवार को लोकसभा में एक लिखित सवाल के जवाब में बताया कि इस साल 17 नवंबर तक देश में समाचार एवं समसामयिक विषयों पर आधारित 430 चैनल थे जिनमें दूरदर्शन के 35 चैनल भी शामिल हैं। इसके अलावा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के दिशा निर्देशों के अनुसार विभिन्न भाषाओं में 415 गैर समाचार चैनलों को मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2008 से 2011 तक सरकार को 409 समाचार चैनलों तथा 400 गैर समाचार चैनलों के लिए आवेदन मिले हैं।

## हायर परचेस सोसायटी पुरस्कृत



**नई दिल्ली 22 नवम्बर। दिल्ली सरकार ने इस वर्ष का 'सर्वोत्तम सहकारी समिति' का पुरुस्कार गवर्मेन्ट एप्लाईज सेन्ट्रल हायर-परचेज कोपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, झंडेवाला, नई दिल्ली को दिया है।**

दिल्ली के हिन्दी भवन में सम्पन्न हुए एक भव्य समारोह में, दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती शीला दीक्षित ने इस प्रतिष्ठित पुरुस्कार का वितरण किया। इस समारोह की अध्यक्षता दिल्ली सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के मंत्री हारुन युसुफ ने की। इसका आयोजन रजिस्ट्रार ऑफ कोपरेटिव सोसायटीज, दिल्ली सरकार द्वारा किया गया। जिसमें राज्य सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारियों और बड़ी संख्या में अतिथियों ने भाग लिया।दिल्ली सरकार प्रतिवर्ष अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह मनाये जाने के उपलक्ष्य में इस पुरुस्कार की घोषणा करती है। यह पुरुस्कार सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सहकारी समिति को प्रदान किया जाता है। पुरस्कार में एक शिल्ड तथा प्रशस्ति-पत्र दिया जाता है। इस पुरुस्कार के चयन की सिफारिश के लिए, राज्य सरकार एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति गठित करती है। जिसमें सहकारी क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोगों, रजिस्ट्रार ऑफ केपरेटिव सोसायटीज और राज्य सहकारी संगठन के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। पुरुस्कार प्रदान करते हुए श्रीमती शीला दीक्षित ने इस समिति के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें याद है कि वे इस सोसायटी की वर्ष 2008 में मनाई गयी रजत जयन्ती के उद्घाटन समारोह में आमंत्रित थी। उन्होंने आशा प्रकट की कि ऐसे पुरस्कार देश में सहकारिता आंदोलन को बढ़ावा देने में निश्चित रूप से कारगर सिद्ध होते हैं।

## किंगफिशर नहीं चुका सकी बिल

### खस्ताहाल जेट एयरवेज को भी मिली चेतावनी

मुंबई 22 **नवम्बर (एजेन्सी)।** भारतीय एयरलाइंस कंपनियों की मुसीबत और बढ़ गई है। किंगफिशर एयरलाइंस के वित्तिय संकट में फंसने के बाद अब जेट एयरवेज को भी चेतावनी मिली है। लेखा परीक्षकों (ऑडिटर्स) ने चेतावनी दी है कि कंपनी को भविष्य में अपनी जिम्मेदारियां पूरी करने के लिए अतिरिक्त फंड जुटाने होंगे और नकदी प्रवाह बढ़ाना होगी।

कंपनी के लेखा परीक्षकों चतुर्वेदी एंड शाह और डेलाइट हॉस्किंस एंड सेल्स ने 11 नवंबर को पेश अपनी रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि जेट एयरवेज को घाटे में चल रही अपनी सहयोगी कंपनी जेटलाइट को मदद पहुंचाने के लिए भी अतिरिक्त रकम जुटानी होगी। यह रिपोर्ट सोमवार को स्टॉक एक्सचेंज में पेश की गई। सितंबर में किंगफिशर एयरलाइन के लेखा परीक्षकों ने भी एयरलाइन को ऐसी ही चेतावनी देते हुए पैसा जुटाने पर जोर देने का सुझाव दिया था। इसके कुछ ही दिन बाद कंपनी की माली हालत एकदम खराब हो गई और उसे कई उड़ानें रद करनी पड़ीं। हालत यह है कि किंगफिशर एयरलाइन भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) को देय एक अरब रूपए का भुगतान नहीं कर सकी है। इसके बाद प्राधिकरण ने एयरलाइन से और बैंक गारंटी जमा करने के लिए कहा है। एयरपोर्ट प्राधिकरण के चैयरमैन वीपी अग्रवाल ने सोमवार को बताया कि प्राधिकरण किंगफिशर द्वारा जमा की गई एक अरब रुपए की बैंक गारंटी को पहले ही कैश करा चुका है। बाकी बचे 217 करोड़ रुपए के भुगतान के लिए प्राधिकरण ने किंगफिशर से और बैंक गारंटी जमा करने के लिए कहा है।



राजबाड़ा का तांगा स्टेण्ड गंदगी फैलाने के अलावा यातायात में भी बाधक बना हुआ है।

# भूखण्ड धारक अभी भी भूखण्ड मालिकी से वंचित

इंदौर 22 नवम्बर। इंदौर विकास प्राधिकरण की बहुमूल्य योजना सिर्फ अफसरों की उदासीनता का शिकार हो रही है। इसी कारण तो हजारों भूखण्ड धारक अभी भी भूखण्ड मालिक नहीं बन पाए हैं।

ज्ञात रहे कि गत वर्ष आवास एवं पर्यावरण मंत्रालय विभाग के निर्देश पर फ्री-होल्ड योजना लागू की गई थी। इसके तहत प्राधिकरण से भूखण्ड, फ्लेट या मकान खरीदने वाले खरीददारों को सीधे सम्पत्ति की रजिस्ट्री उनके नाम करके मालिक बनाने की कवायद होनी थी। आईडीए के अफसरों ने जगह-जगह पर शिविर लगाकर लोगों को सम्पत्ति मालिक बनाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन बाद में रजिस्ट्रार विभाग से आई आपत्ति ने पूरे मामले को ठंडे बस्ते में कर दिया। सूत्र बताते हैं कि इसके पश्चात् प्राधिकरण को शासन की ओर से कोई हरी झंडी नहीं मिली और न ही फ्री-होल्ड योजना के मामले में अफसरों द्वारा कोई दिलचस्पी ली गई। हालत यह है कि जिन लोगों ने वर्षों पहले ही प्राधिकरण से प्लाट या मकान खरीदे थे वे आज भी लीज पर ही है उनकी लीज समाप्त नहीं हुई है वे अपनी सम्पत्ति के मालिक नहीं बन पाए हैं। यदि फ्री-होल्ड योजना पर आईडीए के अफसरों द्वारा ठीक ढंग से रूची ली जाती तो कई लोग प्राधिकरण से खरीदी गई सम्पत्ति के विधिवत मालिक हो जाते। इस पूरी कवायद में ऐसा नहीं है कि आईडीए को राजस्व नहीं मिलता यदि कवायद ठीक ढंग से चलती तो करोड़ों रुपये का राजस्व भी खजाने में जमा हो जाता।

# कमर्शियल भूखण्डों की बिक्री नहीं

इंदौर। इंदौर विकास प्राधिकरण के अफसरों ने एक बार फिर मुंह की खाई है। बड़े और कमर्शियल उपयोग के आरक्षित भूखण्ड नहीं बिक पाए हैं। सूत्रों से पता चला है कि योजना क्रमांक 139 के जो आरक्षित कमर्शियल भूखण्ड की बिक्री के लिए तीसरी बार टैंडर बुलाए गए हैं उस टैंडर प्रक्रिया में खरीददारों द्वारा कोई विशेष रूचि नहीं ली गई है। इसके चलते हालत यह है कि योजना क्रमांक 139 के बड़े-बड़े भूखण्ड आज भी अपनी बिक्री का इंतजार कर रहे हैं। तीसरी बार जो प्राधिकरण के सम्पदा विभाग की ओर से इन भूखण्डों की बिक्री के लिए समाचार-पत्रों में विज्ञप्तियां जारी की गई थी, उसमें एमआर-10 से लगी हुई इस योजना के संबंध में खरीददारों को लोकलुभावन जानकारी भी दी गई थी। बताते हैं कि समाचार-पत्रों की विज्ञप्ति में यह उल्लेख था कि योजना क्रमांक 139 सुपर कारिडोर के साथ में इंदौर विमानतल से लगी हुई है। यहां खरीददार द्वारा होटल, मॉल, शापिंग मॉल के अलावा बड़ी-बड़ी कम्पनियों का निर्माण करवाया जा सकता है। इसके बावजूद भी आईडीए को मुंह की खाना पड़ी है। भूखण्ड नहीं बिक पाए हैं। सूत्रों का कहना है कि योजना क्रमांक 139 को लेकर प्राधिकरण अफसरों की यह योजना थी कि यदि भूखण्ड बिकेंगे तो अच्छा राजस्व मिलेगा, जिसका उपयोग फिर प्राधिकरण की अन्य योजनाओं को विकसित करने में किया जा सकेगा, लेकिन इस अनुमान पर फिलहाल पूरी तरह से पानी फिर चुका है।

# उत्तर प्रदेश चुनाव में मध्यप्रदेश के अनेक कार्यकर्ता भाजपा का प्रचार करेंगे

**इंदौर 22 नवम्बर।** भारतीय जनता प्रदेश सह-प्रवक्ता श्री उमेश शर्मा ने बताया कि आज नईदिल्ली में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर मध्यप्रदेश, बिहार, राजस्थान के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितीन गड़करी, संगठन महांमत्री श्री रामलाल जी, राष्ट्रीय महासचिव श्री नरेन्द्रसिंह तोमर, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री संजय जोशी, श्री सुर्यप्रताप शाही, सौदानसिंहजी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

श्री शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा की 403 सीटों को 6 भागों में बांटा गया। जिसमें 133 विधानसभा की जिम्मेदारी मध्यप्रदेश के कार्यकर्ताओं को दी गई। इन्हें दो सेक्टरों में बांटा गया है। कानपुर सेक्टर एवं अवध सेक्टर। कानपुर सेक्टर के प्रभारी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री श्री अरविन्द भदौरिया को व अवध सेक्टर का प्रभार श्री रामेश्वर शर्मा को सौंपा गया है।श्री शर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश से 132 प्रमुख कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कमान संभालेंगे। एक-एक कार्यकर्ताओं को विधानसभा समन्वयक की जिम्मेदारी सौंपी जायेंगी। 8 दिसम्बर से प्रथम चरण में 15 दिन तक प्रचार करेंगे। इसके पश्चात कार्यकर्ता 6 माह वहीं रूककर मतदान केन्द्र का निरीक्षण, मतदाता सूची का निरीक्षण करने व भारतीय जनता पार्टी का प्रचार करने का कार्य करेंगे। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा लाओं उत्तर प्रदेश बचाओं का नारा संगठन द्वारा दिया गया। बैठक में इंदौर से सुश्री उषा ठाकुर, श्री मधु वर्मा, श्री बाबूसिंह रघुवंशी, श्री फूलचन्द्र वर्मा एवं श्री उमेश शर्मा शामिल हुए।

## वार्ड 14 में सडको का भूमिपूजन आज

**इंदौर 22 नवम्बर।** लेखा समिति अध्यक्ष एवं पार्षद श्रीमती अर्चना चितळे ने बताया कि वार्ड क्रमांक 14 में विभिन्न सडके जिनमें सदर बाजार पेयजल टंकी के पास की सडक, पोलोग्राउण्ड की तीन सडक आदि विभिन्न सडको का दिनांक 23 नवम्बर को प्रातः 10 बजे सदर बाजार पानी की टंकी के पास सडक निर्माण कार्यो का महापौर श्री कृष्णमुरारी मोघे भूमिपूजन करेगें। इस अवसर पर जनकार्य प्रभारी श्री जवाहर मंगवानी, आयुक्त श्री योगेन्द्र शर्मा तथा अन्य उपस्थित रहेगें।



आवारा कुत्तों के आतंक से लोग त्रस्त हो गए हैं।

# फिर टला एयरपोर्ट टर्मिनल का लोकार्पण

इंदौर। देवी अहिल्याबाई विमानतल पर बने टर्मिनल का लोकार्पण कब होगा इसको लेकर कुछ भी कहा नहीं जा सकता है। इसका एकमात्र कारण यही है कि प्रदेश के साथ में देश के दिग्गज मंत्रियों को लोकार्पण समारोह के लिए फुर्सत नहीं है। ज्ञात रहे कि केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पिछले दिनों इंदौर में यह कहा था कि एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का लोकार्पण केन्द्रीय विमानन मंत्री के आतिथ्य में होगा। यह आयोजन किसी भी हालत में एक माह के दरमियान करा लिया जाएगा। श्री सिंधिया के इस बयान के बाद उम्मीद जागी थी कि अब नए टर्मिनल का लोकार्पण होते ही अब वहां से यात्रियों का आना-जाना शुरू हो जाएगा, लेकिन इस अनुमान पर एक बार फिर पानी फिरता दिख रहा है। इसका कारण यह है कि अब तक न तो केन्द्रीय विमानन मंत्री की ओर से मामले में कोई स्वीकृति की हरी झंडी दी गई है और न ही मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के दरबार से कुछ कहा जा रहा है। फिलहाल अब धार्मिक और विवाह समारोह के आयोजन शुरू हो चुके हैं, जिसके चलते मंत्रियों को इस आयोजन के लिए फुर्सत नहीं है तो इधर दूसरी ओर 19 नवम्बर से विधानसभा सत्र शुरू हो रहा है, जो कि पूरे 10 दिनों तक चलेगा तो उसमें भी मुख्यमंत्री श्री चौहान को फुर्सत नहीं रहेगी। इससे यह तो अनुमान लगाया जा सकता है कि अब विमानतल के नवीन टर्मिनल के लोकार्पण का समारोह नवम्बर माह में तो नहीं होगा।

## इन्दौर आएंगे अनन्त कुमार

इन्दौर। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश के प्रभारी तथा लालकृष्ण आडवाणी की रथयात्रा के संयोजक अनन्त कुमार 20 के बाद कभी भी भोपाल आ सकते हैं और इन्दौर भी आएंगे। इस बार कम से कम दो दिन के लिए यहां आएंगे। चूंकि आडवाणी की रथयात्रा 20 नवम्बर को खत्म हो रही है। इसके बाद 2-3 दिन आराम कर यहां पहुंचेंगे और मंत्रिमंडल विस्तार पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा अनन्त कुमार रथयात्रा की प्रदेश में जबर्दस्त आगवानी पर भी बातचीत करेंगे। वे इस मामले में संगठन और सत्ता के उन लोगों की प्रशंसा कर सकते हैं, जिन्होंने रथयात्रा को सफल बनाने में योगदान दिया। बताते हैं कि 26 या 28 नवम्बर को वे आएंगे।



सफाई व्यवस्था के ऐसे हाल है....

# रोड व अतिक्रमण के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न

**इंदौर 22 नवम्बर।** जनकार्य प्रभारी श्री जवाहर मंगवानी ने बताया कि महापौर श्री कृष्णमुरारी मोघे तथा आयुक्त श्री योगेन्द्र शर्मा ने शहर में निर्माणधीन फीडर रोड के संबंध में महापौर सभाकक्ष में समीक्षा बैठक ली। बैठक में अपर आयुक्त श्री मनोज पुष्प, डॉ. केदार सिंह, नगर शिल्पज्ञ श्री हंसकुमार जैन, श्री अशोक राठौर, कार्यपालन यंत्री श्री धर्मेन्द्र वर्मा, मार्केट अधिकारी श्री राकेश शर्मा, सहायक यंत्री विद्युत श्री पंचोलिया, श्री राकेश अखण्ड, श्री सुनिल गुप्ता, श्री जायसवाल तथा कंसलटेन्ट, अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।जनकार्य प्रभारी श्री मंगवानी ने बताया कि महापौर श्री मोघे व आयुक्त श्री शर्मा द्वारा समीक्षा बैठक के दौरान फुटी कोठी व ग्रेटर कैलाश, कंचनबाग रोड, नाथ मंदिर रोड, ट्रांसपोर्ट नगर रोड, लोहामंडी रोड, केसरबाग रोड, उद्योग नगर रोड, पाटनीपुरा रोड, उषा नगर रोड, पल्हर नगर एवं अन्य फीडर रोडो की निर्माण व सेन्ट्रल लाइटिंग लगाने की समीक्षा की गई। बैठक में फुट कोठी रोड पर नर्मदा लाईन के संबंध में नगर शिल्पज्ञ श्री हंसकुमार जैन, कार्यपालन यंत्री श्री धर्मेन्द्र वर्मा व सहायक यंत्री श्री संजीव श्रीवास्तव को संयुक्त रूप से मौका देखकर कार्य करने तथा रोड का सिविल कार्य 15 दिसम्बर, 2011 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। ग्रेटर कैलाश रोड पर दिनांक 15 दिसम्बर, 2011 तक सेन्टल लाइटिंग लगाने के निर्देश दिये गये। वीआयपी रोड से भंडारी मिल ब्रिज तक सेन्ट्रल लाइटिंग का कार्य भी दिनांक 15 दिसम्बर, 2011 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। केसर बाग रोड निर्माण कार्य दिनांक 01 दिसम्बर, 2011 तक प्रारम्भ करने के निर्देश दिये गये। बैठक मे रिमूव्हल अधिकारीं श्री राकेश शर्मा को पुलिस फोर्स लेकर लोहमंडी रोड पर कैरेजवे व फुटपाथ पर एवं ट्रांसपोर्ट नगर में रोड पर गाडीयां खडी कर किये गये अतिक्रमण को सख्ती से हटाने व चालानी कार्यवाही करने तथा एमजी रोड से ढक्कनवाले कुऐं तक नाथ मंदिर रोड, एमजी रोड से गीता भवन चौराहा तक होटल क्राउन पैलेस रोड, केसरबाग रोड पर अतिक्रमण हटाने एवं इन स्थानो पर कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिये गये। लोह मंडी रोड में केरेजवे व स्टॉम वॉटर लाईन डालने के निर्देश दिये, पल्हर नगर में निर्माणधीन एअरपोर्ट रोड के लिये, रेडियो पुलिस प्रशासन से चर्चाकर बाधको का निराकरण कर शीध्र रोड का कार्य प्रारम्भ करने तथा उद्योग नगर से रोड निर्माण में बाधक अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश दिये गये। महापौर श्री कृष्णमुरारी मोघे द्वारा समीक्षा के दौरान यह भी निर्देश दिये कि वार्डो में जो रोड निर्माण हेतु छोटे-छोटे कार्य हो रहे है उनकी मॉनिटरिंग व कार्य की गुणवत्ता की समीक्षा मुख्यालय से भी की जावें। कालोनियो में मूलभूत सुविधाओ के कार्यो को प्राथमिकता दी जावे, सौन्दर्यीकरण व पेव्हर ब्लॉक लगाने के लिये पहले मौका देखे, जनसहयोग प्राप्त करें तत्पश्चात अनुमति प्राप्त कर कार्य कराया जावें। वार्ड/कालोनियो में कार्य कराते समय समानता का ध्यान रखे।

## आपके सितारे

मेष- लम्बे - चौड़े व्यापार आदि के संचालन के बाद भी खाली समय में आमोद-प्रमोद का आनन्द लेना आपको अच्छा लगता है। आपके करीबी मित्रों और शुभचिंतकों के बीच आपकी छवि बहुत लोकप्रिय है आपके बिना उनकी महफिल हमेशा अधूरी रहती है। कुछ ऐसा ही आयोजन आपको प्रसन्नता से भर देगा जब किसी दावत पार्टी में आपका खुलकर स्वागत भी होगा और सम्मान भी।

वृष- आज आप अपने पारिवारिक व्यय को पूरा करने के फेवर में रहेंगे। एकाएक सभी काम के सिलसिलेवार बन जाने से आपका मूड भी प्रफुल्लित रहेगा। इसी जोश में आप अपने दोस्तों के साथ कहीं लन्च या डिनर का आयोजन कर सकते हैं। यदि आपके परिवारजन या सन्तान आदि का भाग्योदय समाचार आए या किसी मांगलिक घटना की सफलता का मामला हो तो फिर आपके लिए इससे बढ़कर अच्छा दिन कोई और नहीं हो सकता।

मिथुन- यदि आप प्राइवेट सेक्टर से जुड़े हैं और जनसम्पर्क के कार्यों में रूचि लेते हैं तो कोई लाभदायी अनुबन्ध आपको मिल सकता है। जमीन-जायदाद और वाहन-आवास की खरीद फरोख्त का सौदा आपकी मध्यस्थता में तय हो सकता है। गलत आदमी के साथ उलझना ठीक नहीं क्योंकि कटुवार्ता और क्रोध का इजहार करना आपके लिए ठीक नहीं। ऐसी बातें आपकी छवि को खराब कर सकती हैं। बस शांत रहें।

कर्क- अधिक व्यस्तता के कारण हो सकता है आपकी थकान बढ़ गई हो और आज आप आराम के मूड में रहें। यदि कोई प्रेरणादायक आइडिया दिमाग पर छाया है तो उसको तत्काल ही नोट कर डालें। काफी कोशिश करके आप अपने व्यय को कम करना चाहते हैं परन्तु ऐसा सम्भव नहीं हो पा रहा है। आज भी किसी अनावश्यक खर्च से आप लिपटे रहेंगे और अपनी प्रतिष्ठा के अनुकूल खर्च करना जरूरी हो जाएगा।

सिंह- आज के दिन प्रात = काल से ही आपका उत्साह भी बना रहेगा और बार-बार अच्छा कार्य करने के अवसर भी मिलते रहेंगे। यदि आप किसी परीक्षा इम्तहान या साक्षात्कार की तैयारी कर रहे हैं तो भी दिन अच्छा है। बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी और किसी भी रुके हुए कार्य की सफलता से आगे का रास्ता भी साफ होगा।

कन्या- हो सकता है कोई नौकर-चाकर या कर्मचारी आपके आदेश की अवहेलना करें और कार्यभार बढ़ जाने से आपको घबराहट हो जाए। ऐसी स्थिति में कूटनीति से काम निकालना ही अच्छा रहेगा। बाद में जब फुर्सत मिलेगी इस समस्या से भी निबट लिया जा सकता है। फिलहाल अपने काम से काम रखने की जरूरत है। किसी से ज्यादा विवाद मोल लेने की जरूरत नहीं।

तुला- आज का दिन आपके लिए बेहतरीन परिणाम देने वाला होगा। एक ओर जहां कुछ विशेष मनोकामना पूरी होगी वहां किसी प्रियजन से अकस्मात मुलाकात का हर्ष भी होगा। किसी चिन्ताकारक स्थिति से भी सायंकाल तक छुटकारा मिलेगा और आगे के लिए किसी अच्छे काम की शुरुआत करने की प्रेरणा मिलेगी। इलाज या दवा आदि का खर्च बढ़ सकता है।

वृश्चिक- आज का दिन किसी स्थिर व्यापार के लिए अच्छा है। किसी वाहन-गाड़ी की खरीद हो सकती है या फिर सम्पत्ति के लेन-देन की बातचीत को आगे बढ़ाया जा सकता है। कुछ लोग आपकी कोई वस्तु या मशीनरी उधार मांगने के लिए आ सकते हैं। इस पर आपका निर्णय कुछ कठोर होकर लेना ही अच्छा रहेगा अन्यथा आगे चलकर आप अटकलों के बीच फंस जाएंगे।

धनु- आज आपका सौभाग्य किसी भी दिशा की ओर मुड़ सकता है और आपको बैठे-बिठाये किसी नायाब तौहफे से सम्मानित कर सकता है। रूहानी ताकतों का प्रभाव महसूस किया जा सकता है और ऐसा लगेगा कि जैसे कोई ताकत आपकी मदद कर रही हो। बाकी प्रपंचों और विवादों से दूर ही रहना उचित होगा। निराशा से दूर ही रहें तो बेहतर होगा। बन्धुजनों का सहयोग भी मिलता रहेगा।

मकर- किसी अजनबी व्यक्ति से होने वाली मुलाकात फायदेमन्द साबित हो सकती है। यदि कहीं पर आर्थिक लेन-देन का मसला लम्बित पड़ा है तो उसका निराकरण आज हो जाना चाहिए। दोपहर बाद आपकी जेब में कुछ ऐसा धन आ सकता है जिसके सहारे आप अपने रुके हुए काम निकाल सकते हैं। घरेलू खर्च बढ़ने से भी बजट गड़बड़ा सकता है। कुछ आइटम अपने दायरे से बाहर निकालने होंगे।

कुंभ- जीवन में कुछ मसले कभी-कभी ऐसे भी आते हैं जहां पर लोग बहुत गम्भीर होकर चलना ही मुनासिब समझते हैं। लेकिन आपके अन्दर कुछ ऐसा हुनर और सरलता मौजूद है जिससे वातावरण का तनाव गायब हो जाता है। आपकी अनुपस्थिति का ऐहसास सबको होता है। ऐसा ही कुछ आज आपके कार्यक्षेत्र में होगा जब आपके शामिल होने से सबके चेहरे खिल जाएंगे और एक भारी तनाव दूर हो जाएगा।

मीन- आपकी दार्शनिक छवि सभी को आकर्षित करेगी। आज आप बहुत अच्छे मूड में रहेंगे और किसी पुराने मित्र से अचानक मुलाकात आपको अचंभित कर देगी। दिन के पहले भाग में किसी अच्छे समाचार से कारोबार में तरक्की का संयोग बनेगा। अपराहन के बाद दूर की यात्रा हो सकती है या फिर कहीं पर रात्रि कालीन मनोरंजन का कार्यक्रम तय हो सकता है। यदि अकेले हैं तो अपने दिलबर को साथ ले जाना न भूलें।

# सोनम को पढ़ाई के लिये मिलेगा शिक्षा ऋण






**इंदौर 22 नवम्बर।** जनसामान्य की विविध प्रकार की समस्या व मांग आवेदनों पर सीधी कार्यवाही के लिये प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में आज सोनम की एक बड़ी समस्या का निवारण हुआ । आर्थिक समस्या से जूझ रही श्रीमती अनिता यादव ने अपनी पुत्री कु. सोनम यादव (जो बी.ई. की पढ़ाई कर रही है) की निर्बाध शिक्षा के लिये शिक्षा ऋण मंजूर करने संबंधी एक आवेदन अपर कलेक्टर (विकास) तथा सी.ई.ओ. जिला पंचायत श्री गोपाल डाड को दिया। श्री डाड ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुये लीड बैंक मैनेजर श्री समतानी से कहा कि शीघ्रातिशीघ्र आवेदिका को शिक्षा ऋण मंजूर करें। लीड बैंक मैनेजर ने प्रकरण का अध्ययन कर आवेदिका श्रीमती अनिता को इस आश्वासन के साथ बैंक ऑफ इंडिया की सुखलिया शाखा आने को कहा कि अगले दो दिनों के भीतर सारी औपचारिकताएँ पूरी कर उन्हें शिक्षा ऋण मंजूर कर दिया जायेगा । श्रीमती यादव अपने आवेदन पर मिले इतने त्वरित प्रतिसाद से अभिभूत हो गयीं। उन्होंने शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम को साधुवाद देते हुये कहा कि वास्तव में यह उन जैसे जरूरतमंदों के लिये एक मददगार व्यवस्था है। श्रीमती अनिता की खुशी इस बात को लेकर भी थी कि अब वह अपनी पुत्री को पढ़ा-लिखाकर इंजीनियर बना सकेगी। जनसुनवाई में विविध प्रकार की माँग एवं समस्या आवेदनों से जुड़े करीब ढ़ाई सौ से अधिक आवेदनों का निराकरण किया गया । सीईओ जिला पंचायत के

## निःशक्त दम्पत्ति को दिया जायेगा विवाह प्रोत्साहन योजना का लाभ

अलावा अपर कलेक्टर श्री नारायण पाटीदार एवं एसडीएम श्री एस.एल.प्रजापति ने भी जनसुनवाई कर लोगों के आवेदन प्राप्त किये। जनसुनवाई में एक निःशक्त दम्पत्ति (दोनों नेत्रबाधित) ने भी सभी का ध्यान आकृष्ट कराया । नेत्रबाधित दम्पत्ति ने अधिकारियों को बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व उन दोनों का विवाह सम्पन्न हुआ । आवेदन तो लगा रखा है , परंतु उन्हें निःशक्त पेंशन नहीं मिल पा रही है । सीईओ जिला पंचायत ने दोनों की निःशक्त पेंशन प्रारंभ करने का आश्वासन देकर दम्पत्ति से पूछा कि क्या उन्हें निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना का लाभ मिला है। दम्पत्ति ने कहा नहीं। इस पर सीईओ ने संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय डॉ. प्रेमलता बाजपेयी को इस दम्पत्ति को निःशक्त पेंशन के अलावा निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना का भी लाभ दिलाने के निर्देश दिये । डॉ. बाजपेयी ने बताया कि औपचारिकताएँ पूरी कर शीघ्र ही इस निःशक्त दम्पत्ति को सरकार की निःशक्तजनों के लिये सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा । जनसुनवाई में दो वृद्धाओं द्वारा प्रस्तुत अपने भरण-पोषण एवं सम्पत्ति से बेदखल किये जाने संबंधी आवेदनों पर भी सीधी कार्यवाही की गयी। इंदौर नगर के 18/1 रामबाग निवासी श्रीमती ताराबाई पति स्व. श्री चंपालाल ने अपने आवेदन में पुत्र द्वारा उसका पालन-पोषण न करने, प्रताड़ित करने एवं घर से निकाल देने की धमकी देने की शिकायत की । इसी प्रकार इंदौर नगर के ही 19/2 कड़ावघाट निवासी श्रीमती हज्जानी जौहरा बी बेवा मरहूम अब्दुल रहीम ने अपने आवेदन में उसके हक के मकान पर बेटे-बहू द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लेने तथा जान से मार देने की धमकी देने की शिकायत कर कहा कि उसके बेटे बहू पर सख्त कार्यवाही की जाये । सीईओ जिला पंचायत श्री डाड ने दोनों ही प्रकरण सामाजिक न्याय विभाग को सौंपकर शिकायतकर्ताओं को न्याय दिलाने के निर्देश दिये । सामाजिक न्याय विभाग द्वारा दोनों आवेदनों पर वृद्धजन भरण-पोषण अधिनियम के तहत%% दोनों वृद्धाओं के पुत्रों पर सख्त कार्रवाई का प्रकरण तैयार कर मामला संबंधित क्षेत्र के एसडीएम को सौंपा जायेगा । ज्ञात हो कि इस अधिनियम के तहत अपने वृद्ध माता-पिता की समुचित देखभाल उनकी तीमारदारी एवं भरण-पोषण संतानों की एक कानूनी जिम्मेदारी निर्धारित की गयी है। वे इससे बच नहीं सकते और न ही अपने माता-पिता को उनके साम्पत्तिक हक से वंचित कर सकते हैं। ऐसा करने पर इस कानून में सजा का प्रावधान है। जनसुनवाई में मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के तहत अपने हृदयरोगी बच्चों का इलाज करवाने संबंधी आवेदन, आर्थिक सहायता दिलाने, पट्टा-पावती सीमांकन, पेंशन दिलाने संबंधी आवेदनों के अलावा बीपीएल सूची में नाम जुड़वाने के लिये भी कई आवेदन प्राप्त हुये। बीपीएल कार्ड संबंधी आवेदनों पर सीईओ जिला पंचायत के आवेदकों को समझाइश दी कि इसके लिये पहले सर्वे कराया जायेगा, तभी नये नाम जोड़े जायेंगे।

## भूरिया माफी मांगे अन्यथा संसदीय सदस्यता समाप्त करने की मांग

**इंदौर 22 नवम्बर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री कांतिलाल भूरिया द्वारा गत दिनों भाबरा अलीराजपुर में एक सार्वजनिक



कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी की दो महिला वरिष्ठ मंत्रियों के खिलाफ अभद्र भाषा तथा अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किये जाने के विरोध में आज सुबह भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू माखीजा, भाजपा नगर अध्यक्ष श्री शंकर लालवानी, महामंत्री श्री कमल वाघेला, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती मुद्रा शास्त्री एवं मोर्चा नगर अध्यक्ष श्रीमती ज्योति तोमर के नेतृत्व में जिलाधीश कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया तथा महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में महिला मोर्चा ने मांग की कि श्री कांतिलाल भूरिया ने मर्यादा के समस्त सीमा लांघते हुए जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी की दो वरिष्ठ महिला कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनीस व श्रीमती रंजना बघेल का अपमान कर उपहास किया है, वह महिला समाज के लिए अपमानसूचक है। अतः प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री कांतिलाल भूरिया माफी मांगें अन्यथा इनकी संसदीय सदस्यता समाप्त करें। भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष श्रीमती ज्योति तोमर ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने महिला जाति का अपमान किया है। म.प्र. की जनता और महिला शक्ति को समर्पित भाजपा की शक्ति से घबराकर कर कांग्रेस स्तरहीन राजनीति पर उतर आई है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू माखीजाा, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती मुद्रा शास्त्री, मोर्चा नगर अध्यक्ष श्रीमती ज्योति तोमर, महामंत्री अर्पणा शिवले, तुलसी प्रजापत, अर्पिता शिखरवार, लक्ष्मी निगाते, कंचन गिदवानी, कृष्णा यादव, रेणुका प्रताप, सिंधु सावरकर, बबीता ठाकुर, कमलेश रायकवार, सुशीला शर्मा आदि उपस्थित थी।

## बिग बाल कलाकार द्वारा हिन्दी हार्टलेण्ड में ऑडिशन की शुरूआत

इन्दौर। बिग बाल कलाकार, बिग मेजिक तथा ९२.७ बिग एफएम द्वारा प्रस्तुत वह प्रथम मंच है जिसकी स्थापना हार्टलेण्ड के बाल कलाकारों, बाल प्रतिभाओं की गायन शक्ति को पहचानने के लिए की गई है अब यह सिंगिंग ऑडिशन के लिए पूरी तरह से तैयार है जो २० नवंबर २०११ से मध्य प्रदेश, यूपी, बिहार तथा झारखंड के १४ शहरों में किये जाएंगे। इस ऑडिशन में ८ से १३ साल की उम्र के बच्चे भाग ले सकेंगें। सिंगिंग ऑडिशन का आयोजन, स्थानीय निर्णायक कल्पना झोकरकर की उपस्थिति में होगा।

जो बच्चों के प्रदर्शन पर निर्णय देते हुए क्षेत्र के श्रेष्ठ बाल कलाकारों का चयन करेंगी। सिंगिंग ऑडिशन ने बच्चों, पालकों तथा संगीत प्रशिक्षकों में उत्साह उत्पन्न कर दिया है इसी के उन्होने एक अनोखी एवं अपनी तरह की पहल का स्वागत किया है जिसके द्वारा बच्चों में भक्ति गायन को प्रोत्साहित करता है।इस सिंगिंग ऑडिशन का आयोजन चार प्रकार के क्लस्टर ऑडिशन द्वारा होगा। ऑडिशन द्वारा २६ एपिसोड के टीवी सीरीयल्स हेतु १० युवा आवाजों का चयन किया जाएगा, तथा प्रत्येक एपिसोड में एक विशेश थीम रहेगी। यूपी, एमपी, बिहार तथा झारखंड के १४ ऑडिशन केन्द्र बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, इलाहाबाद, पटना, रांची, जबलपुर, ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, आगरा, मथुरा तथा वाराणसी हैं। यह बच्चों द्वारा, आत्मा को छुने वाले भक्ति गायन का प्रथम रियलिटी शो है। जिसमें प्रतिष्ठित निर्णायक है, जिनमें प्रसिद्ध संगीत निर्देशक, जतिन पंडित भी शामिल हैं, जिन पर इंडस्ट्री को कई प्रतिभाएँ भेट करने का दायित्व है साथ ही पद्मभूशण, शास्त्रीय गायक राजन-साजन मिश्र, अपनी उस समृद्ध गायन प्रतिभा सहित मौजूद रहेंगे, जो संस्कृति तथा परंपराओं की सूचक हैं। ये सभी मिलकर क्षेत्र की मूल्यवान बाल प्रतिभाओं को खोजेंगे। पंडित गुलशन भारती उभरते हुए बच्चों के मेंटर तथा बाल एवं प्रतिभाशाली प्राजक्ता शुक्रे (इंडियन आयडल फेम) बिग मेजिक पर बिग बाल कलाकार टीवी सीरीयल की होस्ट होंगी। हार्टलेण्ड के बड़ों तथा बच्चों के हृदय में भक्ति गीतों के लिये विशेश स्थान के साथ, बिग बाल कलाकार मनोरंजन, संगीत में संस्कार! द्वारा अच्छे गुणों को ग्राहय करने का आदर्श मिश्रण है। बिना अधिक कहते हुए, हम भारत की हार्टलेण्ड की बाल प्रतिभाओं को अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन का निमंत्रण देते है।बिग बाल कलाकार का प्रर्दशन बिग मेजिक पर दिसंबर माह के मध्य में होगा।

## माहौल बिगाड़ने का विरोध करेगा अल्पसंख्यक मोर्चा

**इंदौर 22 नवम्बर।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा नगर अध्यक्ष श्री नासीर शाह, हज कमेटी के अध्यक्ष श्री फारूख राईन, मोर्चा महामंत्री श्री मंजूर एहमद, श्री हलीम खान ने संयुक्त बयान में सोशल नेटवर्किंग साईट फेसबूक पर असामाजित तत्वों द्वारा इस्लामिक तीर्थ स्थलों पर आपत्तिजनक चित्रों का प्रयोग कर सांम्प्रदायिक फैलाना का कुत्सित प्रयास बताते हुए कहा कि ऐसी घटना से अल्पसंख्यक समाज में रोष है। जो भी प्रदेश की अमन चेन में खलल डालने का प्रयास करेंगा ऐसे असामाजिक तत्वों का षड़यंत्र बेनकाब होगा। कांग्रेस पार्टी इस प्रकार के संवेदनशील विषयों पर बेवजह राजनीति कर रही है और बयानबाजी कर गंगा जमुना तहजीब के प्रतीक मध्यप्रदेश की फिजा बिगाड़ने का प्रयास कर रही है। नेताओं कहा कि कुछ राजनैतिक ठेकेदारों द्वारा अमन पसंद इंदौर शहर में फेसबूक के माध्यम से साम्प्रदायिक फैलाने की नापाक कौशिक की जायेगी। इस्लामिक तीर्थ स्थलों के चित्रों पर कम्प्यूटर के माध्यम से काटछाट कर मलीन कर दिया गया है, जिसका अल्पसंख्यक समाज पूरजोर विरोध करता है। प्रदेश व इंदौर के सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने का पूरा जोर विरोध करता है। अल्पसंख्यकों के साथ-साथ हिन्दु व इसाई समाज के धार्मिक मान्यताओं को भी ठेस पहुंचाने का प्रयास कतिपय तत्वों द्वारा किया गया है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा गृह मंत्री श्री उमाशंकर जी गुप्ता को ज्ञापन देकर कड़ी कार्यवाही की मांग करेंगा।

# भाजपा विभिन्न प्रकोष्ठों के नगर संयोजकों की घोषणा

**इंदौर 22 नवम्बर।** भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष श्री शंकर लालवानी ने भाजपा असंगठित कामगार प्रकोष्ठ, सहकारिता प्रकोष्ठ एवं परिवहन प्रकोष्ठ के नगर संयोजक घोषणा की। जिसमें असंगठित कामगार प्रकोष्ठ में श्री क्रांति वाजपेयी को नगर संयोजक को नियुक्त किया गया है, सहकारिता प्रकोष्ठ में श्री राजेन्द्र भूसारी को नगर संयोजक एवं परिहवन प्रकोष्ठ में श्री मनोज ढालिया को नगर संयोजक नियुक्त किया है।

भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष श्री शंकर लालवानी की सहमति से भाजपा जननी सुरक्षा प्रकोष्ठ की नगर संयोजक श्रीमती लीना जैन ने भाजपा जननी सुरक्षा प्रकोष्ठ के सह-संयोजक एवं सदस्यों की घोषणा की जिनमें सह-संयोजक श्रीमती सुधा चौधरी, कविता यादव, रेखा कुसमाकर, राजेश्वरी यादव, सदस्य श्री अंजू राजोरे, रमा ठाकुर, मिनल जैन, कुसुम पाटनी, पार्वती, कल्पना तिवारी, मनोरमा शर्मा, रेखा कुशवाह को बना गया है।इनकी नियुक्ति पर श्रीमती सुमित्रा महाजन, महापौर श्री कृष्णमुरारी मोघे, उद्योग मंत्री श्री कैलाश विजयर्गीय, राज्यमंत्री श्री महेन्द्र हार्डिया, खादीग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष श्री सत्यनारायण सत्तन, प्रदेश उपाध्यक्ष सुश्री उषा ठाकुर, श्रीमती अंजू माखीजा, नगर अध्यक्ष श्री शंकर लालवानी, विधायक श्री सुदर्शन गुप्ता, श्री रमेश मेंदोला, श्रीमती मालिनी गौड, श्री जीतू जिराती, अपैक्स बैंक के अध्यक्ष श्री भंवरसिंह शेखावत, वरिष्ठ नेता श्री बाबूसिंह रधुवंशी, श्री गोपीकृष्ण नेमा, श्री गोविन्द मालू, नगर महामंत्री श्री घनश्याम शेर, श्री कमलेश शर्मा, श्री कमल वाघेला, नगर उपाध्यक्ष श्री माणकचन्द्र सोगानी, श्री दिलीप पाटनी, श्री सुमित मिश्रा, श्री शशि खंडेलवाल, श्रीमती वीणा वर्मा, श्री रामदास गर्ग, नगर मंत्री श्री सतीश शर्मा, श्री सुरेन्द्र वाजपेयी, श्री कमलेश नाचन, श्री परमजीतसिंह बग्गा, श्रीमती राजकुमारी कुशवाह, कु. संध्या यादव, श्रीमती सरिता पेढारकर, सं. कार्यालय मंत्री श्री अनंत पंवार, सं. मीडिया प्रभारी श्री आलोक दुबे ने बधाई दी है।

## शिक्षा ऋण मंजूरी शिविरों को मिल रहा भारी प्रतिसाद

**इंदौर 22 नवम्बर।** उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिये इंदौर जिले में लगाये जा रहे शिक्षा ऋण मंजूरी शिविरों को भारी प्रतिसाद प्राप्त हो रहा है । लीड बैंक मैनेजर श्री समतानी द्वारा बताये आकड़ों के अनुसार 30 सितम्बर 11 तक जिले में शिक्षा ऋण मंजूरी के कुल वार्षिक लक्ष्य के 280 प्रतिशत से अधिक ऋण प्रकरण तैयार किये जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा ऋण के लिये जिले को इस वित्तीय वर्ष में सभी बैंकों द्वारा समन्वित रूप से 1548 लाख रूपये तक शिक्षा ऋण मंजूरी का लक्ष्य मिला था। इस लक्ष्य के विरूद्ध जिले में स्थापित सभी बैंकों द्वारा 30 सितम्बर तक 4339 लाख रूपये अर्थात लक्ष्य के 280 प्रतिशत से भी अधिक के शिक्षा ऋण प्रकरण तैयार कर लिये गये हैं। इसमें बैंक ऑफ इंडिया ने तो अपने वार्षिक लक्ष्य की 582 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि जारी वित्तीय वर्ष के केवल 6 माह के दौरान ही प्राप्त कर ली है ।

## अब सपनि कर्मियों को 14 का इंतजार

**इंदौर 22 नवम्बर।** सड़क परिवहन निगम का मामला अभी भी विवादों में ही है। अब 14 दिसम्बर को सुप्रीम कोर्ट में परिवहन निगम की ओर से अपना पक्ष रखा जाना है, जिसको लेकर सपनि के कर्मचारियों को इंतजार है।

ज्ञात रहे कि म.प्र. शासन ने सड़क राज्य परिवहन निगम को बंद करने का फैसला किया था। इसके बाद भी सैकड़ों कर्मचारियों को तत्काल व्हीआरएस देने की कवायद की गई थी, लेकिन कई कर्मचारी और अफसरों ने मामले में रूचि नहीं ली और वे व्हीआरएस लेकर यहां से नहीं गए। इसके चलते मामला बढ़ते गया और फिर कर्मचारियों ने उच्च न्यायालय की शरण ली। उन्होंने वहां अपना पक्ष रखा कि महंगाई भत्ता सपनि द्वारा नहीं दिया जा रहा है इसको लेकर कोर्ट ने कर्मचारियों के पक्ष में फैसला सुनाया। फिर सपनि के साथ में शासन ने मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई, जहां से फिलहाल सुनवाई का दौर जारी है। सूत्र बताते हैं कि पिछले दिनों कर्मचारियों की सुनवाई हो चुकी है और सुप्रीम कोर्ट की ओर से अब 14 दिसम्बर को शासन को जवाब पेश करने का निर्देश दिया गया है। इस दिन शासन का जवाब कोर्ट में प्रस्तुत होगा एवं जिसको लेकर सपनि कर्मचारी काफी बेताब है। इधर यह भी जानकारी मिल रही है कि पिछले कई महीनों से इस विभाग के कर्मचारियों को वेतन भी नहीं मिला है।





**Dealers for SKM Steels Ltd. : Bhopal-** Oswal Steels-94253-01949, Mohammedi Agencies- 98265-27252, Sherock-98930-54322, The India Sales Corporation- 98270-07880, Bhatia Steels-94253-73888, **Bairagh-** Om traders-9303130683, **Sehore-** Khemchandmadanlal-9893131510, **Harda-** Govind Traders- 94250-42381, **Ujjain-** Devnani Steels- 99260-79993, **Nagda-** Rajendrakumar Kanthed- 9329421123, **Khachrod-** Bupkya and sons- 9826350225, **Indore-** Arihand Steels-98930-45901, Adharshila Steels & Cement- 98275-76175, Manish Steels- 94253-47671, Steel Home- 94250-54139, Veekay Traders-98930-42448, Vedant Steels- 9302114647, vinod Steels- 98270-35151, **Dewas-** Raj iron and Steel- 98930-78652, **Burhanpur-** Deep Steels-98260-40786, **Khandwa-** Vinod Steels- 99260-91628, **Khargone-** Al-Burhan Traders- 98260-68012, **Shajapur-** Nikita Traders- 98262-81239, **Ratlam-** Shri Santoshi traders- 94251-95174, Bhandari Enterprises-98270-49058, **Petlavad-** Mahavir Enterprises- 94254-14191, **Mandsaur-** Taramal Steels- 94251-05888, **Neemuch-** Ahmed Hussain and Brothers- 94253-27986, **Manasa-** Mukund Machineries- 94259-22198, **Malhargarh-** 98273-74547









दैनिक अवन्तिका

## सर्द सत्र की आंच

संसद का शीतकालीन सत्र आज शुरू हो रहा है। फिलहाल केंद्र सरकार कई दिक्कतों में घिरी हुई है और सरकार की निर्णय-क्षमता तथा कामकाज पर सवाल उठाए जा रहे हैं। अगर सरकार को यह धारणा तोड़नी है, तो यह सत्र उसका सही वक्त है। विपक्ष, खास तौर पर भाजपा की कोशिश यह होगी कि पिछले कुछ वक्त से सरकार पर हो रहे प्रहारों का सिलसिला जारी रहे। सरकार पर मुख्यत- भ्रष्टाचार और घोटालों को लेकर आक्रमण हो रहे हैं। ऐसा नहीं है कि विपक्षी दलों की छवि बहुत साफ-सुथरी है। आज से 20-30 साल पहले तक ऐसा लगता था कि कांग्रेस के मुकाबले विपक्षी दल काफी साफ-सुथरे हैं, उसकी मुख्य वजह यह थी कि तब उन्हें सत्ता में रहने का मौका नहीं मिला था। पिछले वर्षों में तमाम विपक्षी दल सत्ता में रह चुके हैं और आज भी लगभग आधे राज्यों में विपक्ष की सरकारें हैं, जिनमें से कई भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में घिरी हैं। इसके बावजूद अगर विपक्ष भ्रष्टाचार को मुद्दा बना रहा है, तो इसकी वजह घोटाले नहीं, बल्कि यह धारणा है कि केंद्र सरकार भ्रष्टाचार से निपटने में गंभीर नहीं है। अगर सरकार को विपक्ष पर बढ़त हासिल करनी है, तो उसे कुछ ऐसा करना होगा, जिससे लगे कि सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ वाकई सख्ती से लड़ना चाहती है। एक तो सख्त लोकपाल बिल यह धारणा तोड़ सकता है। अगर सरकार का बिल कमजोर हुआ, तो विपक्ष और टीम अन्ना को सरकार को घेरने का एक बड़ा मुद्दा मिल जाएगा। संसद का पिछला सत्र अन्ना के आंदोलन के नाम दर्ज हो गया था, सरकार चाहेगी कि वैसा अब न हो। अगर सरकार का बिल अपेक्षा से ज्यादा सख्त हुआ, तो फिर गेंद विपक्ष के पाले में होगी, और अन्ना हजारे के आंदोलन का निशाना भी सरकार नहीं होगी। विपक्ष की काफी वक्त से कोशिश है कि 2-जी घोटाले में तत्कालीन वित्त मंत्री पी. चिदंबरम को घेरा जाए। इस रणनीति की काट के तौर पर राजग के कार्यकाल में हुए आबंटनों के मामले में सीबीआई ने गतिविधि शुरू कर दी है। हमारी संसदीय राजनीति में जैसी आक्रामकता इन दिनों है, वैसी अमूमन चुनावों के कुछ पहले दिखती है। विपक्ष ने जिस स्तर पर सरकार के खिलाफ मोर्चे खोल रखे हैं, कुछ जानकारों का मानना है कि उन्हें 2014 के चुनावों तक बनाए रखना उसके लिए मुश्किल होगा। जनता में भ्रष्टाचार को लेकर गहरा असंतोष है, जिसकी अभिव्यक्ति सिविल सोसाइटी के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की लोकप्रियता में देखी जा सकती है। विपक्ष अगर इस असंतोष की अभिव्यक्ति नहीं करे या उसे मुद्दा नहीं बनाए, तो उसकी प्रासंगिकता को खतरा है। इसलिए सरकार के लिए भी यह जरूरी है कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ कुछ करे ही नहीं, कुछ करती हुई दिखे भी। लेकिन हमारे सांसदों को यह भी याद रखना होगा कि जन-प्रतिनिधियों के आचरण से भी जनता में असंतोष है। जन-प्रतिनिधि अगर सिर्फ शोर-शराबा करते और संसद की कार्यवाही ठप करते हुए दिखे, तब भी उन्हें जनता के असंतोष का सामना करना पड़ सकता है। अगर सरकार बहुत सक्रिय नहीं दिख रही है, तो इसकी काफी कुछ जिम्मेदारी विपक्ष की भी है, क्योंकि पिछले कम से कम दो सत्रों से उसने संसद न चलने देने की रणनीति को अपना मुख्य हथियार बना रखा है, ऐसे में कई महत्वपूर्ण बिल संसद में पेश होने से रह गए। बहुत छोटे-छोटे मुद्दों पर भी संसद की कार्यवाही रुकी है, यह एक अच्छे लोकतंत्र का लक्षण नहीं है। सरकार और विपक्ष, दोनों को संसदीय कार्यवाही को गंभीरता से लेना होगा। जन समस्याओं की उपेक्षा करके संसद को ठप करने वालों को इसका खामियाजा जनता के असंतोष के रूप में भुगतना होगा।

## पिछले साल नोर्थ कोरिया ने बजाई थी ईंट से ईंट, अब पड़ोसी देगा जवाब

सिओल. पिछले साल नोर्थ कोरिया द्वारा येऑनप्योंग द्वीप पर की भारी बमबारी की बरसी मनाने के इरादे से दक्षिण कोरिया ने तनाव वाली येलो सी बॉर्डर पर बड़ा सैन्य अभ्यास करने का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 23 नवंबर को प्योंगयेंग ने साउथ कोरिया के द्वीप पर बमबारी कर युद्ध की स्थिति उत्पन्न कर दी थी। नोर्थ कोरिया द्वारा किए हमले में 170 रॉकेट दागे गए थे, जिससे येऑनप्योंग द्वीप का आमजीवन अस्त व्यस्त हो गया था। यह द्वीप दोनों देशों के बीच विवादास्पद येलो सी बॉर्डर से सटा हुआ है। हालांकि पिछले एक साल में दोनों देशों के बीच रिश्ते सामान्य हुए हैं, लेकिन दक्षिण कोरिया ने एक बार फिर सैन्य अभ्यास करने का फैसला कर युद्ध की आशंका को जगा दिया है। सिओल के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टॉफ ने इस ड्रिल के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ये ठीक बिल्कुल वैसी ही होगी जैसी कि येऑनप्योंग में की गई थी। येऑनप्योंग और बैंग्योंग द्वीप पर यह सैन्य अभ्यास किया जाएगा।

# बिग बॉस पर सरकार की भी कड़ी नज़र

मुंबई. अमर उपाध्याय की फैमिली टीवी एक्टर आकाशदीप सहगल के खिलाफ लीगल एक्शन लेने पर विचार कर रही है। अमर के पीआर एजेंट डेल भागवागर ने बताया कि अमर उपाध्याय की फैमिली को बिग बॉस प्रतियोगी आकाशदीप सहगल (स्काई) द्वारा अमर उपाध्याय के निजी जीवन पर अपमानजनक टिप्पणी से गहरी चोट पहुंची है और वे आकाशदीप के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की योजना बना रहे हैं।

इस सोमवार को दिखाए गए बिग बॉस के एपिसोड में आकाशदीप ने अमर के बारे में कहा था, जो आदमी(अमर) अपनी बीवी और बच्चों का नहीं हो सकता, जो यहां विदा के साथ गुलछर्रे उड़ा रहा है, वो आदमी किसका हो सकता है उसे पता नहीं कि कैसे दिखेगा वो वहां पर। स्काई ने आगे कहा, मुझे तो पता भी नहीं था कि इसके दो बच्चे हैं। इसकी शादी हुई है। प्रेस वालों ने मुझे बोला तो मैं शॉक्ड रह गया। भागवागर कहते हैं, अमर परिवार वाला खुशनुमा इंसान है। वह अपनी बीवी हेतल व बच्चों से बहुत प्यार करते हैं। उन्होंने बिग बॉस में एक पार्टिसिपेंट के तौर पर हिस्सा लिया है और वे विदा के साथ किसी भी तरह का फ्लर्ट नहीं कर रहे हैं, जैसा कि आकाशदीप ने कहा है। वास्तव में बिग बॉस के घर से बाहर आने के बाद विदा ने अमर की पत्नी से मुलाकात भी की है। दोनों के बीच अच्छी बातचीत भी हुई है। इसके साथ ही अमर के पीआर स्पेशलिस्ट कहते हैं, आकाशदीप को अमर की शादी के बारे में पता है। अलबत्ता उनकी अमर व उनकी पत्नी से एक पार्टी के दौरान मुलाकात हुई थी और दोनों का ही एक-दूसरे से इंटरेक्शन हुआ था। अमर की फैमिली आकाश के इस तरह के मिसलीड करने वाले बयानों व लगातार उनकी कैरेक्टर पर उंगली उठाने से बहुत आहत हुए हैं। अमर एकता कपूर के सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी में मिहिर विरानी का किरदार निभा कर मशहूर हुए थे। आकशदीप ने भी इस सीरियल में निगेटिव किरदार निभाया था।

## ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स रिश्तों के खुबसूरत रंग

यह जश्न का समय हैं, क्योंकि ज़ी टीवी अपने वार्षिक अवॉर्ड समारोह ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स 2011 की घोषणा कर रहा हैं। नि:संदेह ही भारतीय टेलीविजन का भव्य अवॉर्ड समारोह एक बार फिर तड़कभड़क, प्रस्तुति और मनोरंजन के मामले में अपना स्तर बढ़ाने का वादा करता हैं। पिछले साल ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्सजश्न 18 सालो का, मैं भारत और विदेश के अपने दर्शकों के साथ बहुमूल्य रिश्तों के 18 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने पर ट्रिब्यूट दिया। इस साल ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स 2011 'रिश्तों के खुबसूरत रंग' भव्यता के साथ भारतीय संस्कृति की विविधता का जश्न मनाएगा। ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स ज़ी टीवी की स्पिरिट का उत्सव हैं (ज़ी टीवी अपने दर्शकों के लिए विभिन्न प्रकार के विकल्प प्रदान करता हैं, इनमें प्राइम टाइम ड्रामा सीरिज़, टेलीविजन मुवीज़, थिएट्रिकल फिल्म्स, एवं विशेष ड्रामा शामिल हैं। यह अपने नए स्लोगन 'उम्मीद से सजे जिंदगी' के साथ दर्शकों के लिए इनोवेटीव प्रोग्राम्स लाने की दौड़ में सबसे आगे हैं। यह महिलाओं के उभरते विश्वासों और बदलतें सपनों, उम्मीदों और आशावाद के प्रतिबिम्ब की पुष्टि का उत्सव हैं।) ज़ी टीवी के सभी बड़े सितारे एक ही मंच पर उतरकर अपनी परफॉर्मेंस के द्वारा इस शाम को यादगार बनाने की कोशिश करेंगे। मुख्य रुप से यह समारोह ज़ी टीवी की यात्रा और उसके सदस्यों जिन्होंने, अपने निभाए गए किरदारों द्वारा दर्शकों के दिलों में जगह बनाई हैं, उनकी सफलता का जश्न हैं। ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स 2011 हमारे भारतीयता के रंग को जिंदा रखेगा और इसका टोन पूरी तरह से देसी होगा। सिटींग व्यस्था, सजावट, प्रस्तुति और वेशभूषा से लेकर सब में भारत की समृद्ध संस्कृति और विरासत की झलक देखने को मिलेगी। इस भव्य शाम को ज़ी टीवी के सभी प्रमुख सितारे अपनी डांस परफॉर्मेंस और बीचबीच में होने वाले फनी एक्ट्स के द्वारा दर्शकों को हँसने पर मजबूर कर देंगे। अनुभवी एक्टर्स अपने ज़माने के डांसिंग लिजेन्ड्स को ट्रिब्यूट देंगे, यह एक्ट वाकई देखने लायक होगा। मिसेज़ कौशिक कि पाँच बहूओं की विभा छिब्बर अपनी बहूओं का डांस के द्वारा टेस्ट लेगी, जिससे बहूओं की उनके प्रति वफादारी साबित होगी। जबकि अर्चना और मानव साबित करेगे कि सभी के बीच उनकी जोड़ी सबसे रोमांटिक हैं। ज़ी टीवी के हैंडसम मेल लीड्स दिखाएंगे कि वे शूरवीर हैं जो मुश्किल में अपने साथी की मदद करते हैं। हिटलर दीदी भले ही मज़ा खराब करने वाली हो परंतु उनका परिवार गानों की एक पैरोडी द्वारा उसके गुस्सैल चेहरें पर मुस्कान लाने का प्रयास करेगी और डीआईडी के मेन्टर्स ऐसा एक्ट करेंगे, जहां वे समय से 20 साल पीछे जाकर अपने शानदार परफार्मेंस के द्वारा दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देंगे। देखना न भूले, जी रिश्ते अवॉर्ड्स 2011 सबसे बहुप्रतीक्षित अवॉर्ड्स जो परफॉर्मेंसेस, मनोरंजन और उत्साह का वादा करता हैं। शामिल हो जाईए, ज़ी परिवार के साथ सबसे मनोरंजक तरिके से भारतीयता को मनाने के लिए और रंगीन संस्कृति और विभिन्न कला रुपों की कभी न खत्म होने वाली परंपरा में शामिल होने के लिए। मनोरंजन के डेली डोज़ के लिए देखते रहिए ज़ी टीवी।

## उम्रकैद की सजा काट रहे विकास को पेरोल

नई दिल्ली। बहुचर्चित नीतीश कटारा हत्याकांड मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे विकास यादव को दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को एक दिन की पेरोल दे दी। यह पेरोल उसे एक जनरल पावर ऑफ एटॉर्नी को अपने मां के नाम कराने के लिए दी गई है। न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट और न्यायमूर्ति प्रतिभा रानी की खंडपीठ ने विकास को हिरासत में पेरोल [कस्टोडियल पेरोल] दिया। उसने चार दिनों के लिए जमानत की मांग की थी। विकास अपने चचेरे भाई विशाल के साथ उम्रकैद की सजा काट रहा है। खंडपीठ ने विकास के वकील को आदेश दिया कि वह जेल अधिकारियों और सरकारी अभियोजक को उस तिथि के बारे में सूचित करे जब वह पावर ऑफ अटार्नी से जुड़ी कागजी कार्रवाई को पूरा करना चाहता है। दोनों न्यायधीशों ने जेल अधीक्षक को आदेश दिया कि वह आवेदक [विकास] का एक दिन के अंदर वापस जेल में लौटना सुनिश्चित करें। सरकारी वकील दयान कृष्णा ने विकास की चार दिन की पेरोल वाली याचिका का विरोध किया। उनका कहना था कि दोषी यह बताने में असमर्थ रहा है कि एकमात्र कागजी काम के लिए उसे चार दिन की पेरोल क्यों चाहिए। विकास यादव की पैरवी कर रहे वकील विकास पाहवा ने अदालत से कहा कि उनके मुवक्किल को गाजियाबाद में यह कागजी कार्रवाई पूरी करनी है। वकील ने कहा, अगर किसी कारण यह काम एक दिन में पूरा नहीं होता तो उसे अगले दिन पूरा हो सकता है। ऐसे में एक दिन से ज्यादा की जरूरत होगी।

## लिव इन रिलेशनशिप की एक्सपायरी डेट नहीं होती

अहमदाबाद में देश में पहली बार बुजुर्गों का एक अनोखा सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सम्मेलन ने 50 साल से ऊपर के बुजुर्गों को लिव इन रिलेशनशिप में रहने का मौका दिया। नाम दिया गया...वरिष्ठ नागरिक लिव इन रिश्ता सम्मेलन। इस सम्मेलन में देश के अलग अलग हिस्सों से आए 300 पुरुष और 70 महिलाओं ने हिस्सा लिया। यहां पहुंचने वाले बुजुर्गों की उम्र 50 से 83 साल तक थी। आयोजक एक-एक कर सम्मेलन में हिस्सा लेने आए लोगों का नाम पुकारते। हर शख्स अपना नाम, उम्र और छोटा सा परिचय देता। इसके बाद लोग आपस में मिलते-जुलते। एक दूसरे को जानने-समझने की कोशिश करते, फोन नंबर लेते-देते और एक-दूसरे में जीवन साथी तलाशने की कोशिश करते। सम्मेलन खत्म होते-होते 14 लोगों ने अपने अपने जोड़े चुन लिए। कुछ लोगों ने तो पहली ही नजर में एक दूसरे के दिल में उतर गए। तो कुछ लोगों ने और समय मांगा है। चुने गए जोड़े कुछ दिनों तक साथ-साथ रह सकते हैं और बात अगर बन गई तो ये रिश्ता शादी तक पहुंच सकता है। आयोजक नातू पटेल इस सम्मेलन में शामिल होने वालों के लिए कई तरह की शर्तें भी रखी गई थीं। शर्तों के मुताबिक पुरुष और महिला विवाहित न हों। या तो उनके जीवन साथी गुजर चुके हों या फिर उनका तलाक हो चुका हो। पुरुष की मासिक आय 15 हजार रुपये से कम न हो। पुरुष और महिला अपने परिवार से अलग एक-दूसरे के साथ रहें। पुरुष महिला साथी के बच्चों की जिम्मेदारी उठाने को तैयार हो। लिव इन में रहने वालों के लिए बच्चों की इजाजत को भी जरूरी किया गया है। आयोजक नातू पटेल के मुताबिक अब ये संस्था लिव-इन जोड़ों पर नजर रखेगी और तय करेगी कि महिलाओं का शोषण न हो।

## *मरा नहीं है मेरा सबसे छोटा भाई खामिस, अभी जिंदा है*

त्रिपोली। मृत लीबियाई तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी का सबसे छोटा बेटा खामिस अभी जिंदा है। हाल ही में गिरफ्तार हुए सैफ अल इस्लाम ने अधिकारियों को इस बारे में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि खामिस के मरने की खबर लीबिया में शुरू हुए गृह युद्ध के समय से ही मीडिया में आ रही है। लेकिन सैफ के बयान ने इसमें एक नया मोड़ दे दिया है। एनटीसी बलों ने खामिस की खोज तेज कर दी है। अधिकारियों के मुताबिक खामिस त्रिपोली से 90 किलोमीटर दूर स्थित तेरहोना में छिपा हुआ है। सैफ की गिरफ्तारी के बाद लीबिया के पूर्व खुफिया प्रमुख अब्दुल्ला अल सेनुस्सी भी हिरासत में ले लिए गए। अब्दुल्ला की गद्दाफी के शासनकाल में अहम भूमिका थी। एनटीसी ने पहले दावा किया था कि खामिस की मौत 29 अगस्त को ही हो गई थी। बाद में सीरियाई टीवी चैनल ने भी इस खबर की पुष्टि की थी।

# जब लड़की पढ़ती हैं तो दुनिया बदलती हैं

लड़कियों को शिक्षित करना लिंग समानता में सुधार करना ही नहीं परंतु आर्थिक वृद्धि तथा समाज, परिवार और राष्ट्र के स्वास्थ्य को बढ़ावा देना हैं। भारत का प्रमुख हिन्दी जनरल चैनल ज़ी टीवी अपने दर्शकों के लिए यूनिवर्सल अपील के साथ एक नई श्रृखंला शुरु कर रहा हैं। इस सीरियल का टाइटल अफसर बिटियां हैं। यह शो महिला शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालेगा। यह कहानी उनकी शिक्षा, सपनों और अकांक्षाओं के आसपास की मुश्किलों के बावजूद कड़ी मेहनत द्वारा समाज में अपना नाम कमाने की कहानी पर आधारित हैं। यह कहानी कृष्णा की जीवन यात्रा पर आधारित हैं, जिसका मुख्य लक्ष्य अच्छी शिक्षा प्राप्त करके अपने परिवार के जीवन स्तर को सुधारना हैं। यह लड़की जीवन में स्थित सभी संभावनाओं को ढूंढ़कर एक सफल करियर वुमन बनना चाहती हैं। शो में कृष्णा का मुख्य किरदार आकर्षक न्यूकमर मिताली नाग निभा रही हैं। कृष्णा अफसर बिटियां बनने के लिए सभी बाधाओं से लडकर शिक्षा प्राप्त करती हैं। एक कम मध्यमवर्गीय परिवार हैं, जहां कभी भी किसी को क्लर्क से बेहतर जॉब नही मिला। एक लड़की जिसने मेहनत और अपनी प्रतिभा के दम पर बाधाओं को पार करते हुए बी.डी.ओ (ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफीसर) बनी। उसके बी.डी.ओ बनने के बाद उसकी और उसके परिवार की जिंदगी बदल गई। इस मौके पर चैनल के फिक्शन हेड सुकेश मोटवानी ने कहा, "अफसर बिटियां एक ऐसी लड़की की कहानी हैं, जो कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ पढ़ाई के माध्यम से समाज में अपना नाम कमाना चाहती हैं। मुझे आशा हैं कि दर्शक इससे प्रेरित होकर और पढ़ाई के उत्साहित होंगे। ज़ी टीवी भारत में सामाजिक मुद्दों से निपटने, उनका समाधान करने के लिए लंबे समय से प्रतिबद्ध हैं। इसकी सामग्री लोगों के सामाजिक,आर्थिक और राजनितिक जीवन पर प्रकाश डालती हैं। महिला शिक्षा और महिला सशक्तिकरण का संदेश प्रसारित करने के लिए चैनल ने व्यापक बीटीएल गतिविधियों को लाइनअप किया है जो भारत भर में कई स्कूलों और कॉलेजों में किया जाएगा। अफसर बिटिया बैनर 'विलेज़ बॉय प्रोड़क्शन' के तहत लोकप्रिय टीवी कन्टेंट राइटर श्री राकेश पासवान द्वारा निर्मित है। अपने पहले बार प्रोडक्शन पर श्री राकेश पासवान ने कहा, "यह विषय मेरे बहुत करीब है क्योंकि इस कहानी की प्रेरणा मुझें अपनी ही छोटी बहन से मिली है जो झारखंड के एक जिले में बीडीओ है। शो की मुख्य नायिका कृष्णा के माध्यम से, मुझें आशा है कि भारत के छोटे शहरों और गांवों में रहनेवाली लाखों लड़कियों को अपने सपनों को पूरा करने और सामाजिक दवाब के आगे न झुकने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मैं सभी के माता-पिता को एक संदेश भी देना चाहुंगा कि वे अपनी बेटी को समान महत्व दे व उनके उज्जवल और शानदार करियर बनाने में मदद करें।" मिताली नाग के अलावा दिग्गज अभिनेता वीरेन्द्र सक्सेना और शाहबाज खान और युवा दिलों की धड़कन कि शुंक महाजन, यश सिन्हा, शिवशक्ति सचदेव को भी इस प्राइम टाइम शो में निर्णायक भूमिका निभाने के लिए चुना गया है। इस नए शो का हिस्सा बनने पर सभी कलाकार बड़े उत्साहित है, जिसमें मध्यमवर्गीय परिवार की एक ईमानदार और दृढ़ संकल्पी लड़की अपने करियर में सफल होने के बाद हर पल बदलती परिस्थितियों का सामना करती हैं। इस शो में लीड भूमिका निभाने वाली मिताली नाग का कहना हैं, "मैं इस शो में कृष्णा की भूमिका निभाकर बहुत रोमांचित हूं, क्योंकि इसमें एक मजबूत सामाजिक संदेश दिया गया हैं। बी.डी.ओ वह व्यक्ति होता हैं जो सामुदायिक विकास की दिशा में समाज के कमजोर वर्ग के जीवन स्तर में सुधार करने की दिशा में कार्य करता हैं। इस प्रोजेक्ट को करने के पहले मैंने बी.डी.ओ की जिम्मेदारियों के बारे में पढ़ा हैं, और इसने मुझे वास्तव में प्रभावित किया हैं। और मुझे गर्व होगा यदि मैं लाखों भारतीय लड़कियों को बी.डी.ओ बनने के लिए प्रेरित करती हूं।"शुरुआती तौर पर यह शो कृष्णा की खुद के और समाज के लिए बेहतर जिंदगी कि इच्छा के बारे में बात करता हैं। उसकी यह अप्रत्यक्षित उपलब्धि परिवार में खुशी और संतोष लेकर आती हैं परंतु क्या ये खुशी हमेशा रहेगी कृष्णा की सफलता के साथ बहुत सारी परेशानिया और संघर्ष भी शुरु हो जाता हैं। उसकी अचानक उपलब्धि न सिर्फ प्रसिद्धि लेकिन कई कठिनाइयों को आकर्षित करती हैं। क्या कृष्णा सभी बाधाओं से लडकर एक कर्तव्यनिष्ठ ऑफीसर बन पाएगी समाज में उसकी स्थिति उसे सहृदय और देखभाल करने वाली पत्नी बनने की अनुमति देगी क्या उसकी नौकारी की प्रकृति उसे एक अच्छी बेटी और बहू बनने की अनुमति देगी कैसे एक उदारवादी पृष्ठभूमि की ईमानदार लड़की अपने जीवन की उथलपुथल का सामना करती हैं,यही कहानी 'अफसर बिटियां' की मार्मिक कहानी बनाती हैं। अफसर बिटियां, जल्द आ रहा हैं ज़ी टीवी पर। अपने बैनर तले ज़ी टीवी के कार्यक्रमों का प्रसारण करने वाले चैनल. जी टीवी को अक्टूबर १९९२ में लांच किया गया था। १६७ देशों में ५०० मिलियन से अधिक दर्शकों का दुनियाभर में मनोरंजन करते हुए जीटीवी ने दर्शकों के साथ मजबूत रिश्ता कायम किया है तथा दक्षिण एशिया में मनोरंजन की दावत परोसने वाला यह सबसे बडा नेटवर्क बन गया है। अपनी स्थापना से १६ वर्षों से अधिक समय में ज़ी टीवी ने भारत मे सैटेलाईट तथा केबल उद्योग में अकल्पनीय विस्तार किया है। जी टीवी की लोकप्रियता भारतीय संस्कृति और विश्वास के प्रति उसकी इस समझ से उत्पन्न हुई है, जो इसके कार्यक्रम में परिलक्षित होती है। कार्यक्रमों की प्रस्तुति मे अपनी शक्ति तथा विदेशी बाजारों में भारतीय मनोरंजन की आवश्यकता को महसूस करते हुए कंपनी ने यूके/यूरोप (१९९५) तथा अमरीका (१९९८), अफ्रीका( १९९८) में .जी टीवी की शुरूआत की जो इस समय पांच महाद्वीपों में उपलब्ध है। आज यह चैनल कई शैलियों में कार्यक्रम प्रस्तुत कर एक बार फिर सामाजिक प्रतिबद्धता वाले चैनल के रूप में अपनी छवि स्थापित कर चुका है। हँसने और हँसाने को टॉनिक लेडिज स्पेशल, अगले जनम मोहे बिटिया ही कीजो, आपकी अंतरा, पवित्र रिश्ता, श्री, मायका, घर की लक्ष्मी बेटियां तथा हीरो होण्डा सा रे गा मा पा लिटिल चैम्प्स जैसे पथ भंजक कार्यक्रमों के साथ चैनल ने लाली, अर्चना, अंतरा, लक्ष्मी और सरस्वती जैसे पात्रों को आम इंसान के बीच आदर्श बना दिया है। ज़ी टीवी को संगीतमय शो सा रे गा मा पा तथा डांस इण्डिया डांस का अग्रगामी बनने का गौरव भी हासिल है।






सहारा वन पर देखिए
**जय जय जय बजरंगबली**
सोमवार से शुक्रवार रात्रि 8.30 बजे



सहारा वन पर देखिए
**कहानी चंद्रकांता की**
सोमवार से शुक्रवार रात्रि 8.00 बजे




सब टीवी पर देखिए
**हैप्पी हाउसवाईफ क्लब**
सोमवार से शुक्रवार दोपहर 1.30 बजे



बिग मैजिक पर देखिए
**बिग फाईटिंग चैम्पियन**
शनिवार और रविवार रात्रि 6.00 बजे




बिग मैजिक पर देखिए
**लो कल्लो बात**
सोमवार से गुरूवार रात्रि 8.30 बजे



सब टीवी पर देखिए
**अम्माजी की गली**
सोमवार से शुक्रवार रात्रि 7.30 बजे

# अब आप भी पा सकते हैं आकर्षक डिंपल

छल्ले पड़े बालों में..डिंपल पड़े गालों में..ऐसा ही सौंदर्य चाहती हैं आज की लड़कियां। हर लड़की की इच्छा होती है कि प्रीति जिंटा और दीपिका पादुकोण की तरह उसके गालों पर भी डिंपल आएं। गालों पर डिंपल पड़ने से आपकी मुस्कान में चार चांद लग जाते हैं। सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार गालों के आकार-प्रकार, रंग, चिकनाई और कांति के अनुसार न सिर्फ व्यक्ति के स्वभाव, चरित्र एवं कार्यक्षमता का अनुमान लगाया जा सकता है, बल्कि जिन लोगों के गालों में गड्ढा यानी डिंपल पड़ता है, वे अध्ययनशील, विवेकी, उदारमन, सुंदर तथा सौंदर्यप्रेमी होते हैं। माना जाता है कि डिंपल्स सौभाग्य की निशानी होते हैं। बुक्कीनेटर मांसपेशी और अन्य मांसपेशियां चेहरे पर भाव उभारने में मदद करती हैं। आमतौर पर माना जाता है कि बुक्कीनेटर मांसपेशी व अन्य मांसपेशियों में गैप के कारण डिंपल्स बनते हैं। ये डिंपल्स हंसते या मुस्कुराते वक्त चेहरे को और आकर्षक बना देते हैं। डिंपल का जादू इतना सर चढ़कर बोलने लगा है कि अब लोग इसके लिए सर्जरी कराने लगे हैं। लड़कियों के गालों में डिंपल का विशेष महत्व तो था ही, लेकिन जब से सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है कि लड़कों की सेक्स अपील उनके गालों में पड़ने वाले डिंपल से ज्यादा बढ़ती है, तब से लड़कों में भी डिंपल सर्जरी करवाने की होड़-सी लग गई है। हर लड़का जॉन अब्राहम की तरह खूबसूरत डिंपल स्माइल चाहता है और इसके लिए सर्जरी का सहारा लेने में हिचक महसूस नहीं करता। डिंपल निर्माण सर्जरी बहुत ही आसान प्रक्रिया है। डिंपल बनाने के लिए गाल में अंदर की तरफ एक छोटा-सा दर्दरहित चीरा लगाया जाता है। ये चीरा बाहर की तरफ इसलिए नहीं लगाया जाता, ताकि चेहरे पर निशान न बने। सर्जरी से पहले आपका मुंह पूरी तरह से साफ होना चाहिए। इसके लिए लगभग दो दिन पहले ही एंटीसेप्टिक माउथवॉश का इस्तेमाल शुरू करने की सलाह दी जाती है। दो दिन पहले ही किसी भी तरह की एस्प्रिन गोलियों का सेवन बंद कर देना होता है।सामान्य एनेस्थीसिया के तहत मुंह के भीतर एक छोटा-सा चीरा लगाया जाता है। मांसपेशी को बाहरी त्वचा की भीतरी परत के लिए हटाया जाता है। एक छोटा टांका मांसपेशियों के माध्यम से गाल के अंदर लगाया जाता है। यह बाहरी त्वचा के भीतरी भाग की सतह के नीचे की मांसपेशी के माध्यम से बाहर आता है। जब टांके लग जाएं, तो समझ जाइए कि आपके डिंपल बन गए हैं। दोनों तरफ के डिंपल बनने में लगभग दो घंटे का समय लगता है। प्रक्रिया खत्म होते ही आप तुरंत घर जा सकते हैं। सर्जरी के बाद पहले कुछ हफ्तों को फॉलआउट पीरियड कहते हैं। इस समय आपके डिंपल्स हमेशा दिखाई देते हैं। लेकिन जब टांके घुल जाएं, तब ही डिंपल्स सिर्फ मुस्कुराने पर ही नजर आएंगे। इस सर्जरी के टांके काटे नहीं जाते, बल्कि ये खुद ब खुद घुल जाते हैं। बाहरी त्वचा पर किसी भी तरह का कोई कट आदि का निशान नहीं पड़ता। डिंपल सर्जरी पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी है। इस सर्जरी में किसी तरह का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। कुछ कॉम्पलीकेशंस अवश्य हो सकती हैं, जैसे सूजन, थोड़ी सी कमजोरी और इंफेक्शन। लेकिन ये भी जल्द ही ठीक हो जाती हैं। इस तरह की कॉम्पलीकेशंस अक्सर ओरल हाइजीन की तरफ पूरा ध्यान न देने से ही होती हैं।



## ऐसे होता है पौधों के परिवार का जन्म



लंबी जद्दोजहद के बाद आखिर वैज्ञानिकों ने इस रहस्य से पर्दा उठा ही दिया कि स्वतः उगने वाले पौधों में उनके परिवार का प्रसार कैसे होता है। शोधकर्ताओं के समूह ने पौधों की उस प्रणाली का पता लगाया है, जिसमें वे एक पौधे से अनेक पौधों के रूप में फैलते चले जाते हैं। नर फूलों में होता है कोशिकीय अंडाणु :हॉवर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के मुताबिक स्वतः उगने वाले पौधों के फूलों में एक कोशिकीय अंडाणु होता है। यह कोशिकीय अंडाणु नर फूल में छिपा होता है। जब हवा चलती है तो यह अंडाणु मादा फूलों के संपर्क में आता है। मादा फूल से मिलने के बाद इनके संयोग से फूल के बीजों पर एक आवरण चढ़ जाता है। जब यह बीज भूमि पर गिरते हैं तो अन्य पौधों का जन्म होता है। विविधता को समझने में अहम है रिसर्च-प्रोसिडिंग ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस में प्रकाशित इस रिसर्च में बताया गया है कि इस कोशिकीय अंडाणु का निर्माण हर फूल में नहीं होता। केवल कुछ फूलों में ही ये अंडाणु होते हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक जैसे ही नर फूल के अंडाणु मादा फूलों के संपर्क में आते हैं तो अन्य पौधों के उपजने के लिए अन्य बीजों का निर्माण हो जाता है। शोधकर्ताओं ने बताया कि यह रिसर्च पौधों में विविधता के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

## कहीं आपको बीमार तो नहीं बना रहा तकिया

क्या आपको भी रात में बगैर तकिए के नींद नहीं आती है, तो जरा जाग जाइए हो सकता है इसे पढ़ने के बाद आप अपने तकिए को हाथ लगाना भी छोड़ दें। वैज्ञानिकों का कहना है कि आपका तकिया कीटाणुओं और बीमारियों के प्रजनन के लिए सबसे बेहतर जगह है। द ब्राट्स और द लंदन एनएचएस ट्रस्ट की ओर से किए गए एक शोध के मुताबिक आपके तकिए के वजन का एक तिहाई भाग कीटाणुओं, मृत त्वचा, धूल और कीटाणुओं के मल का होता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अस्पतालों के तकिए की हालत तो इससे भी ज्यादा खराब होती है। उसमें एमआरएसए, सी डिफ, फ्लू, चेचक और यहां तक कि कुष्ठ रोग के जीवाणु भी हो सकते हैं। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, शोध के लेखक डॉक्टर आर्थर टुकेर का कहना है कि लोग तकिए पर नया लिहाफ लगा कर उसे बहुत साफ और स्वच्छ समझते हैं मगर वह नहीं जानते कि वे कीटाणुओं को चादर ओढ़ा रहे हैं। उनका कहना है कि तकिए में पनपने वाले कुछ कीटाणुओं और जीवाणुओं को कभी धोया या मारा नहीं जा सकता। इनसे ई-कोलाई संक्रमण, सांस तथा पेशाब संबंधी परेशानियां हो सकती हैं।

## अब बल्ब की तरह जलेगी, बुझेगी दिमाग की बत्ती

अब अगर आपको दिमाग की बत्ती जलानी है तो मिंटोस खाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि ऐसा करना अब आपके हाथ में होगा और वह भी एक स्विच के माध्यम से। यानी आप किसी बल्ब की तरह अपने दिमाग की बत्ती को स्विच के द्वारा जला या बुझा सकते हैं। वैज्ञानिकों का दावा है कि उन्होंने एक ऐसी प्रक्रिया का पता लगाया है जिसके द्वारा किसी चीज को याद किया जा सकता है या उसे भुलाया जा सकता है यानी की याददाश्त के ऊपर पूरा नियंत्रण। हालांकि, यह प्रयोग अभी सिर्फ चूहों तक ही सीमित है। दक्षिणी कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के एक दल ने इस प्रक्रिया का पता लगाया है। इसके लिए उन्होंने एक ऐसी इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली का सहारा लिया जो याददाश्त संबंधी तंत्रिका संकेतों की नकल कर लेती है। इसकी मदद से उन्होंने लंबी अवधि के दौरान सीखे गए व्यवहारों के द्वारा चूहों के दिमाग के संचालन को फिर से दोहराने में सफलता पाई। इस दल के प्रमुख वैज्ञानिक थियोडोर बर्जर ने कहा कि स्विच को ऑन कीजिए तो चूहा याद करना शुरू कर देता है, स्विच को ऑफ कीजिए तो चूहा भूल जाता है।

## थोड़ा सा गुड़ और गायब हो जाएगा आधे सिर का दर्द

वैसे तो आजकल की जीवन शैली में सिर दर्द की समस्या एक आम बात बन गई है। काफी लोगों को दिनभर की भागदौड़ के बाद रात को सिर दर्द का सामना करना ही पड़ता है। सामान्य सिर दर्द के अलावा कुछ लोगों का आधा सिर दर्द करता है। यह दर्द असहनीय होता है। यह आसानी से पीछा नहीं छोड़ता है। इससे निपटने के लिए ज्योतिष में एक सटीक उपाय बताया गया है। सुबह-सुबह या शाम के समय यह प्रयोग किया जाना चाहिए। घर से गुड़ का छोटा सा टुकड़ा लें। अब इस मंत्र (ऊँ छ्ट फट् स्वाहा) जप करते हुए किसी भी चौराहे की ओर जाएं। चौराहे का विशेष ध्यान रखें जहां चार रास्ते होते हैं उसे ही चौराहा कहा जाता है। चौराहे पर पहुंचकर दक्षिण दिशा की ओर मुंह करके खड़े हो जाएं। अब गुड़ के टुकड़े को दांत से काटकर अपने आगे और फिर पीछे की ओर फेंक दें। इसके बाद घर लौट आएं। ध्यान रहे पीछे पलटकर न देखें। अन्यथा यह उपाय निष्फल हो जाएगा। इस उपाय के साथ ही अपनी दवाइयां या डॉक्टरी इलाज भी चलने दें, उसे बंद न करें। कुछ ही दिनों में फायदा हो जाएगा।

# वैकल्पिक विधियों से रखें दिल की धड़कनें जवां

हृदय या यूं कहें दिल...शरीर का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा। आप जानते हैं आपका दिल आपके लिए क्या मायने रखता है। यही वो वजह है कि हम जब भी किसी अपने को दिल की बीमारी की शिकायत सुनते हैं तो हमारा दिल कांप उठता है। दिल की बीमारी का संबंध आप की उम्र से है यह सोच अब पुरानी हो गई है। हृदय रोग बढ़ती उम्र का परिचायक है इस भ्रम में रहना उचित नहीं। पहले जहां हृदय रोग अधेड़ों और प्रौढ़ों का रोग माना जाता था वहीं अब इसकी चपेट में नौजवान भी आ रहे हैं। चालीस वर्ष से कम उम्र के लोग भी अब आप को हृदय रोग से पीड़ित मिल जाएंगे। इसका एक कारण हमारी जीवनशैली है। आप का जीवन अब यांत्रिक हो गया है। मशीनों ने जहां आप का काम आसान किया वहीं व्यायाम की भी छुट्टी हो चुकी है। दिन भर ऑफिस में बैठे-बैठे काम करना, फास्ट फूड खाना इसके साथ ही मानसिक पीड़ा और असंतोष। इन सबका खामियाजा पहले आप का दिल भुगतता है और बाद में आप। वैसे तो दुनिया का कोई देश ऐसा नहीं जो इस बीमारी की चपेट में न हो फिर भी अन्य विकसित देशों की तुलना में भारत में इसके परिणाम काफी गंभीर दिखे हैं। भारत में स्वास्थ्य के प्रति उतनी जागरुकता नहीं है जितनी होनी चाहिए। हृदय रोगों पर किए गए तमाम शोधों में वैज्ञानिकों ने यह साबित किया है कि 90 फीसदी मरीजों में यह रोग कोरोनरी धमनियों के भीतरी व्यास के संकुचित होने की वजह से होता है और यह संकुचन धमनियों में चर्बी जमने की वजह से होता है। वसा जमने से धमनियां अपना लचीलापन गवां बैठती हैं और सख्त हो जाती हैं। इसके बाद धमनियों में हृदय पेशियों को समुचित पोषण देने की क्षमता नहीं बचती। इसी से ऐंजाइना और दिल के दौरे का खतरा बढ़ता है। धमनियों में वसा जमना बढ़ती उम्र की एक स्वाभाविक प्रक्रिया है लेकिन कुछ लोगों में यह लक्षण उम्र के पहले ही दिखने लगते हैं। पहले जहां हृदय रोग सिर्फ बाईपास सर्जरी से ही ठीक होता था वहीं अब इसका इलाज बिना सर्जरी भी उपलब्ध है। लुधियाना स्थित सीबिया मेडिकल सेंटर के निदेशक डॉ. एस. एस. सीबिया के अनुसार बिना ऑपरेशन हृदय रोग ठीक करने की विधि को सन् 2002 में ईजाद किया गया था। इसे एसीटी और ईसीपी कहा जाता है। सबसे पहले बात करते हैं एसीटी यानी आर्टरी क्लियरेंस थेरेपी की। यह एक ऑपरेशन मुक्त उपचार है। इस थेरेपी में जहां आप बाईपास और पोस्ट बाईपास के दर्द से बच जाते हैं वहीं आपको हृदय रोग में भी पूर्ण आराम मिलता है। इस थेरेपी में ड्रिप के माध्यम से दवा शरीर के अंदर पहुंचाई जाती है। मरीज को प्रत्येक ढाई से तीन घंटे में ड्रिप दी जाती है। डॉ. सीबिया का कहना है कि आमतौर पर सप्ताह में 2 से 3 बार मरीज को 20 से 30 ड्रिप दी जाती है और ये क्रम 6 से 15 सप्ताह के बीच चलता है। इसमें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती। यह उपचार पूरी तरह कष्टरहित और आसान है। ड्रिप लगाते समय एक सुई की चुभन जितना कष्ट भी आप को नहीं होता। दवाई लेने के बाद आप बिना किसी सहारे के स्वयं घर जा सकने में समर्थ होते हैं। वास्तव में एसीटी बहुत ही प्रभावशाली है। इसकी सफलता का प्रतिशत 90 फीसदी है। 100 में से 90 मरीज पूर्णतया ठीक हो जाते हैं तथा बाकी 10 प्रतिशत को भी आंशिक लाभ अवश्य मिलता है। वास्तव में एसीटी थेरेपी का प्रयोग पूरे शरीर में रक्त के प्रवाह को दुरुस्त करता है। वैसे विशेषज्ञों का यह दावा है कि एसीटी की मदद से सिर्फ हृदय रोग ही नहीं बल्कि मस्तिष्क और शरीर के अन्य अंगों की रक्त धमनियों में आई हुई रुकावट भी दूर की जा सकती है। अतः हम कह सकते हैं कि इस थेरेपी का मुख्य उद्देश्य धमनियों की सफाई ही है। एसीटी के अतिरिक्त दिल की बंद धमनियों को खोलने के लिए एक और वैकल्पिक और पूरी दुनिया में बड़ी सफलता से कार्यरत विधि है- ईसीपी। एसीटी की ही तरह ईसीपी भी ऑपरेशन मुक्त उपचार है। इस विधि में उपचार विशेष प्रकार की पट्टियों से किया जाता है। मरीज के घुटनों, निचली जांघों, ऊपरी जांघों और नितंबों पर तीन सेटों वाली नरम पट्टी (कंप्रेसिव कफ्स) बांधी जाती है। ये विशेष प्रकार की पट्टियां नियमित रूप से फैलती व सिकुड़ती रहती हैं। वास्तव में ये पट्टियां जांघों व नितंबों पर दबाव बनाती हैं जिसके परिणामस्वरूप डायस्टोलिक कोरोनरी परफ्यूजन दबाव भी बढ़ता है और हृदय पर पड़ने वाला दबाव कम होता है। इस प्रक्रिया की खासियत ये है कि यह बेहद सरल है। मरीज को इसके लिए प्रत्येक दिन बस एक घंटे देने होते हैं और यह प्रक्रिया 5 सप्ताह तक चलती है। इस प्रक्रिया के दौरान न तो मरीज को कोई दवाई दी जाती है न ही अन्य किसी प्रकार का कष्ट झेलना पड़ता है। मरीज आराम से टीवी देखते या दूसरों से बातें करते हुए इस उपचार को ले सकता है। डॉ. सिबिया का कहना है कि इस तकनीक के ईजाद के पूर्व मरीजों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता था। बाईपास सर्जरी बहुत ही महंगी होती है और कुछ मामलों में तो एक बाईपास के बाद दूसरा बाईपास भी कराना पड़ता है। ऐसे में सभी मरीज इसका खर्च वहन कर पाएं यह संभव नहीं। एसीटी तथा ईसीपी तकनीक सस्ती तो है ही साथ ही साथ यह मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज करने में पूरी तरह सक्षम है।

## रात को पानी का बरतन सिरहाने रखकर क्यों सोते हैं

कहते हैं अगर शरीर को स्वस्थ्य रखना हो तो ज्यादा से ज्यादा पानी पीना चाहिए। पानी पीने से कई तरह के रोग तो दूर होते ही है साथ ही शरीर में उपिस्थत विषैले पदार्थ भी बाहर निकल जाते हैं। त्वचा कांतिमय रहती है। हमारे शास्त्रों में वरूण को जल का देवता माना गया है। माना जाता है कि



तांबे के जग या पात्र का पानी पीने से कई तरह की पेट से संबंधित समस्याएं भी खत्म होती हैं। लेकिन ज्योतिष के अनुसार तांबे को सूर्य की धातु माना गया है। ऐसी मान्यता है कि जन्मकुंडली में सूर्य अच्छी स्थिति में ना हो या नीच राशि में हो तो तांबे के लौटे से सूर्य को अर्घ्य देने से सूर्य से संबंधित सभी दोष दूर हो जाते हैं। इसी कारण नीच के सूर्य का प्रभाव कम करने के लिए तांबे की अंगुठी पहनने की राय दी जाती है। साथ ही ज्योतिष के अनुसार एक मान्यता यह भी है कि कुंडली में सूर्य के अच्छी स्थिति में ना होने पर किसी भी कार्य में आसानी से सक्सेस नहीं मिल पाती है। इसीलिए किसी भी व्यक्ति को अगर सफलता नहीं मिल रही हो और वह अपने जीवन में सफलता चाहता हो तो उसे सूर्य से जुड़े उपाय करने चाहिए।ज्योतिष के अनुसार सूर्य आत्मा का कारक है। सूर्य अच्छा है तो आत्मविश्वास बढ़ता है।इसीलिए सफलता प्राप्ति के लिए सूर्य को बलि बनाना आवश्यक है। इसके लिए रात्रि को तांबे के पात्र में जल भरकर उसमें माणिक डालकर रातभर रखें और वह पानी पीएं क्योंकि माणिक को सूर्य का रत्न माना गया है। दरअसल इसका एक ओर पहलू है वो है कलर थैरेपी। कलर थैरेपी के अनुसार लाल रंग को आत्मविश्वास बढ़ाने वाला माना जाता है और लाल धातु में लाल रत्न यानी तांबे में माणिक रत्न यही काम करता है।ऐसा नियमित रूप से करने से सूर्य से जुड़े सारे दोष दूर होने के साथ ही कई रोग दूर होते हैं। दिनभर तन व मन स्फूर्ति से भरा रहता है और शीघ्र ही सफलता के रास्ते खुलने लगते हैं।

# टाइट जींस दे सकती है टेंशन

ड्रेसेज के मामले में युवाओं की पहली पसंद है जींस। जींस में इतनी वैरायटी आ गयी हैं कि युवाओं का ध्यान किसी और तरफ जाता ही नहीं। टाइट फिटिंग वाली जींस, स्कर्ट्स और अन्य ड्रेसेज आपको आकर्षक लुक तो देते हैं, लेकिन इससे आपको काफी परेशानी हो सकती है। इस तरह की ड्रेस से न सिर्फ चलने-फिरने में परेशानी होती है, बल्कि इनसे आपका पॉश्चर भी बिगड़ने की आशंका रहती है। इतना ही नहीं, रीढ़ की हड्डियों में भी इस तरह की ड्रेसज की वजह से परेशानी हो सकती है और आपको उठने-बैठने में भी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। फैशन एक्सपर्ट की मानें तो टाइट कपड़े बॉडी की शेप पर तो असर डालते ही हैं, दिनभर ऐसे कपड़े पहनने से आप असहज भी महसूस करने लगते हैं। इससे आपको सिर दर्द, शरीर दर्द जैसी समस्याओं का सामना भी करना पड़ सकता है। एक सर्वे के अनुसार, ऑफिस में शर्ट और जींस पहनने वाली महिलाओं की संख्या लगभग सात फीसदी है। टाइट जींस के फैशन को लेकर डॉ. शर्मीली राज का कहना है कि लोग फैशन के इस कदर दीवाने हैं कि कई बार उससे होने वाली समस्याओं को नजरअंदाज करने लगते हैं। इससे उनकी समस्याएं बाद में काफी बढ़ जाती हैं, कई बीमारियां उन्हें घेर लेती हैं। स्किनी और फिटेड जींस का आजकल खूब प्रचलन है। लेकिन इस तरह की जींस से स्किन प्रॉब्लम हो सकती है। टाइट जींस से ब्लड सकरुलेशन और नर्वस सिस्टम भी प्रभावित होता है। दरअसल, स्किनी जींस बहुत लंबे समय तक स्किन से चिपकी होती है, जिस कारण पसीना पूरी तरह से सूख नहीं पाता। इससे स्किन इरिटेशन और फंगस इंफेक्शन की आशंका काफी बढ़ जाती है। इतना ही नहीं, ऐसे में चर्म रोग होने का खतरा भी बढ़ जाता है। टाइट जींस पहनने से त्वचा संक्रमण बढ़ जाता है, जिससे छाले और घाव पड़ने की आशंका रहती है। स्किनी जींस और टाइट जींस जैसे कपड़े त्वचा की नमी को छीन लेते हैं। इस कारण खुजली, रैशेस पड़ने लगते हैं। इससे कई बार छोटे-छोटे लाल दाग हो जाते हैं और इस कारण त्वचा संक्रमण भी हो जाता हैं। यदि आपको बहुत ज्यादा भागदौड़ करनी है तो टाइट जींस का प्रयोग न करें। अच्छी क्वालिटी यानी ब्रांडेड जींस का ही इस्तेमाल करें। जींस को धोते समय अच्छी तरह से साबुन-सर्फ निकाल दें, जिससे त्वचा संक्रमण का शिकार न हों और परेशानी से बच सकें। प्रतिदिन टाइट जींस का प्रयोग करने से बचें। ऐसी जींस पहनें जो कंफर्टेबल हो और उसमें आपका दम न घुट रहा हो। यानी आप सहज महसूस करें और आराम से उठ-बैठ सकें, चल पाएं। कुछ खास मौकों पर ही टाइट जींस पहनें तो बेहतर होगा। गर्मी के मौसम में खासतौर पर टाइट जींस के बजाय लूज कपड़े या लूज जींस पहनें। एलर्जी होने पर जींस पर मेटल बटन के बजाय प्लास्टिक के बटन लगाएं या फिर बटन पर नेल पॉलिश लगाएं। एक जींस को बिना धोएं दो-तीन बार से अधिक न पहनें। जरूरत न हो तो टाइट जींस पर बेल्ट का प्रयोग न करें। जींस फैशन का अहम हिस्सा है और बच्चे भी इसे खूब अपना रहे हैं। लेकिन बच्चों की मासूम त्वचा के लिए जींस उतनी उपयुक्त नहीं मानी जाती। खासकर टाइट जींस तो बिल्कुल नहीं। इससे उनमें इंफेक्शन की संभावना बड़ों की तुलना में काफी अधिक होती है। आप अपने बच्चे के लिए जींस लें भी तो टाइट जींस बिल्कुल भी न खरीदें ताकि उन्हें परेशानी न हो।



# फास्ट लाइफ के लिए जरूरी है ब्रेकफास्ट

सोकर उठने के बाद शरीर को एनर्जी की जरूरत होती है और यह जरूरत ब्रेकफास्ट से ही पूरी हो सकती है। ब्रेकफास्ट स्किप करने से डिनर और लंच के बीच काफी लंबा अंतराल हो जाता है, जिसका सेहत पर बुरा असर पड़ता है। स्वस्थ रहने के लिए ब्रेकफास्ट को अहमियत देने की सलाह अक्सर दी जाती है। पर भागदौड़ भरी जिंदगी हमें ब्रेकफास्ट से दूर ले जा रही है और इसका असर हमारी सेहत पर पड़ रहा है। डॉक्टरों की मानें तो सेहतमंद बने रहने के लिए ब्रेकफास्ट सबसे अहम है। सोकर उठने के बाद शरीर को एनर्जी की जरूरत होती है और यह जरूरत ब्रेकफास्ट से ही पूरी हो सकती है। ब्रेकफास्ट स्किप करने से डिनर और लंच के बीच काफी लंबा अंतराल हो जाता है, जिसका सेहत पर बुरा असर पड़ता है। ब्रेकफास्ट नहीं करने से आमतौर पर एनीमिया, ऑस्टियोपोरोसिस, कैल्शियम की कमी, बालों का झड़ना, गैस्ट्रिक आदि की समस्या हो सकती है। महिलाओं में एनीमिया और ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या आम है। यदि महिलाएं समय पर ध्यान नहीं देतीं, तो 30 साल की उम्र के बाद वे निश्चित तौर पर एनीमिया या ऑस्टियोपोरोसिस की शिकार हो सकती हैं। दिन की अच्छी शुरुआत के लिए ब्रेकफास्ट बेहद जरूरी है, क्योंकि सुबह उठते ही आपको ऊर्जा की जरूरत होती है। रात को नींद के दौरान हमारे शरीर के सारे अंगों को आराम मिलता है, लेकिन मस्तिष्क काम करता रहता है। यह शरीर में मौजूद ऊर्जा यानी ग्लूकोज से काम चलाता रहता है। लेकिन जब हम जाग जाते हैं तो शरीर के दूसरे अंग इस ऊर्जा का इस्तेमाल करने लगते हैं। चूंकि मस्तिष्क (ब्रेन) के पास कोई ऊर्जा रिजर्व नहीं होती है, इसलिए उसे चेतन करने के लिए इसकी सख्त जरूरत होती है। ब्रेकफास्ट के तौर पर ली गई ऊर्जा से ही इसका काम चलता है। ब्रेकफास्ट न करने से आप थके हुए, चिड़चिड़े और ऊर्जाविहीन रहते हैं। ब्रेकफास्ट न करने से मोटापा भी आपको जल्द घेर लेता है। एक संतुलित ब्रेकफास्ट आपकी पूरे दिन की कैलोरी जरूरत का 25 फीसदी होना चाहिए। अगर एक वयस्क पुरुष दिन और शाम के अल्पाहार को मिलाकर 2200 कैलोरी लेता है, तो उसे ब्रेकफास्ट के तौर पर 550 कैलोरी लेना जरूरी है। सुबह का ब्रेकफास्ट शरीर को ऊर्जावान बनाता है। नियमित ब्रेकफास्ट करने वाले लोगों की पाचन क्षमता ठीक रहती है। ये लोग ब्रेकफास्ट नहीं करने वाले लोगों की अपेक्षा अपना वजन भी जल्दी घटा लेते हैं। सुबह ब्रेकफास्ट करने वाले लोग अधिक प्रभावी और सजग तरीके से अपने काम को अंजाम देते हैं। इससे दिन की अच्छी शुरुआत होती है और उनके मस्तिष्क को पर्याप्त ऊर्जा मिलती है। सर्वे में यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि जो बच्चे सुबह अच्छा नाश्ता करते हैं, स्कूल में उनका प्रदर्शन बेहतर होता है। सुबह उठने के एक घंटे के भीतर एक अच्छा और बड़ा ब्रेकफास्ट जरूरी है। अच्छे ब्रेकफास्ट का मतलब यह कि यह प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और विटामिन का संतुलित मिश्रण हो। दिन की शुरुआत चने, दलिये, एक ग्लास ठंडा दूध या मुट्ठी भर मेवे से कर सकते हैं। फल और जूस भी मुफीद रहेगा। ब्रेड और आमलेट भी अच्छा विकल्प हो सकता है, लेकिन हाई कोलेस्ट्रॉल वाले व्यक्ति को इससे बचना चाहिए। रोटी, बिना पॉलिश किया हुआ चावल, सूजी का हलवा, दलिया, चिवड़ा और पोहा, अंकुरित चने या गेहूं, बादाम, अखरोट, हरी सब्जियों को नाश्ते में शामिल करना अच्छा होता है। दही खाना बेहद फायदेमंद है। ज्वार, बाजरा और मक्के की रोटी खा सकते हैं। नाश्ते में पांच ग्राम रेशा जरूर लेना चाहिए। खीरा, फल या नारियल से इस जरूरत की पूर्ति हो सकती है। ब्रेकफास्ट में फास्टफूड को शामिल न करें। फलों का जूस पीते समय उससे मिलने वाली कैलोरी का भी ध्यान रखें। एक गिलास जूस में लगभग 80-100 कैलोरी होती है। जूस को पीने से पहले एक गिलास पानी पीएं। इससे आप जूस कम पीएंगे। जूस से ब्लड शुगर बढ़ता है, इस लिए ज्यादा जूस न लेना ही अच्छा रहता है। अंडा खाते हैं तो उसके सफेद हिस्से को ही खाएं। एक पूरा अंडा और दो अंडे की सफेदी से बना आमलेट खा सकते हैं। ब्रेकफास्ट में दलिया को शामिल करें। इसमें प्रचुर मात्र में फाइबर पाया जाता है। स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होने के साथ ही यह कोलेस्ट्राल को घटाता है। फल का सेवन सबसे उपयुक्त माना जाता है। यह तैयार ब्रेकफास्ट है और इसके लिए मेहनत करने की जरूरत नहीं। यदि घर पर ब्रेकफास्ट करने का वक्त नहीं है, तो एक सेब, संतरा, केला जैसे फल साथ रख सकते हैं। घर से ऑफिस जाने के समय रास्ते में आसानी से इन्हें खाया जा सकता है। आटे से बना ब्रेड भी नाश्ते का बेहतर विकल्प है। एक स्लाइस पर जैम, बटर या टोमैटो कैच-अप लगाकार फटाफट खा सकते हैं। दो ब्रेड के बीच टमाटर के टुकड़े रखकर सैंडबिच भी तैयार किया जा सकता है। अंडों को उबालने में अधिक मेहनत की जरूरत नहीं होती। दो अंडे खाने से लंच तक तो कुछ और खाने की जरूरत नहीं ही पड़ेगी। अंकुरित अनाज काफी पौष्टिक होते हैं। इनमें अधिक मात्र में प्रोटीन होता है। चना, मूंग, सोयाबीन आदि को रात भर पानी में भिगो दें। भीगे हुए अनाज को बाद में एक कपड़े में लपेट कर अंकुरित होने के लिए रख दें। अंकुरित अनाज में नमक और काली मिर्च डालकर खा सकते हैं। स्वाद बढ़ाने के लिए एक प्याज और टमाटर को बारीक काटकर इसमें मिलाया जा सकता है। सिर्फ दूध पीने से मिल्क शेक पीना ज्यादा बेहतर होगा। अगर आप चाय और कॉफी के शौकीन है तो इस बात का अनुमान नहीं लगा सकते कि यह कितना नुकसानदायक है। अगर आप तनाव को कम करने के लिए चाय या कॉफी पीते हैं तो इसके लिए हरी चाय का विकल्प अपनाएं। इसमें कई तरह के एंटी ऑक्सीडेंट हैं, जो स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं। काम के बोझ के कारण यदि आपका मूड उखड़ा-उखड़ा है, आप थके-थके महसूस कर रहे हैं या फिर ब्लड शुगर नियंत्रित नहीं है तो अपने पर्स में खाने के लिए कुछ न कुछ अवश्य रखें। आपके पास पानी अवश्य होना चाहिए। गाजर, खीरा, मूली, टमाटर सूरजमुखी के बीज आपके लिए फायदेमंद रहेंगे।



# चश्मों का शहर है चीनान



खूबसूरत चश्मों और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के लिए दुनिया भर में विख्यात शहर चीनान शहर चीन के पूर्वी प्रांत शानतुंग की राजधानी है। इसी शहर में पाओशु चश्मा है जिसे दुनिया का प्रथम चश्मा माना जाता है। इस शहर में मिले 733 चश्मों की बदौलत इसे चश्मों का शहर (सिटी ऑफ स्प्रिंग्स) भी कहा जाता है। इस शहर के आधुनिक नाम चीनान शब्द का अर्थ है ची के दक्षिण में यहां ची का शब्द का अभिप्राय ची नाम की पुरानी नदी से है जो 19वीं सदी के मध्य तक इस शहर के उत्तर में बहती थी। 1852 में जब पीली नदी ने अपनी धारा बदलकर उत्तर का रुख किया तो इसकी जगह ली तो ची नदी लुप्त हो गई। चीन की लुंगशान संस्कृति की उत्पत्ति चीनान शहर में ही हुई थी। यहां का चीया नामक क्षेत्र इसका उद्गम स्थल माना जाता है। इसके बारे में विशेषज्ञों का मानना है कि वहां 4000 साल पहले की सभ्यता के निशान मिलते हैं। यहां के श्याओथांग पहाड़ी क्षेत्र में स्थित क्वोशी नामक मंदिर अब तक की सबसे अच्छी तरह संरक्षित प्राचीन इमारत है जिसमें रखे चित्र और अभिलेख चीनी लिपिकला की प्रसिद्ध कृतियों में शामिल किए गए हैं। चीनान का सीमन स्तूप चीन में पाया जाने वाला सबसे प्राचीन प्रस्तर स्तूप है। इसके अलावा एक हजार साल पुराना चीड़ वृक्ष और लुंगहू स्तूप का सांस्कृतिक महत्व है। चीन के चार प्रमुख मठों में से एक छांगछिंगलिन मठ इसी शहर में है। इससे सबसे पहले स्थान पर माना जाता है। इसमें सुंग राजवंश के 40 अर्हतों की मूर्तियां हैं। मिट्टी से बनी ये मूर्तियां बिल्कुल सजीव लगती हैं। इन्हें चीन का उत्कृष्ट मूर्ति संग्रह माना जाता है। गौरतलब है कि चाइना रेडियो इंटरनेशनल की हिंदी सेवा द्वारा चीन के आकर्षक शहरों को चुनने के लिए लिए चल रही ऑनलाइन प्रतियोगिता में लोयांग भी शामिल है। इस प्रतियोगिता में अपनी पसंद के सबसे आकर्षक चीनी शहरों के लिए दुनिया भर के नेटिजन सीआरआई द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में ऑनलाइन मतदान में हिस्सा ले रहे हैं। इसी शहर में चीन की कई हस्तियों ने जन्म लिया। इनमें से चीनी चिकित्साशास्त्र के संस्थापक प्यैनछ्वे, साहित्यकार ली छिंगचाओ और छिनछीची प्रमुख हैं। इनके अलावा लीपाई, तूफू, सुशी और जंगकुंग जैसे प्रसिद्ध लेखकों ने इसी शहर को अपना बसेरा बनाया। चीनान शहर अपनी मेजबानी के लिए भी प्रसिद्ध है और यहां दुनिया के कोने-कोने से पर्यटक आते हैं। मार्को पोलो ने यहां का दौरा किया था और इस शहर की शान में बहुत सी बाते कही थीं। इसके बारे में कहा जाता है कि चीनान का आकर्षण यहां का प्राकृतिक सौंदर्य मात्र ही नहीं, बल्कि यहां के लोगों की गर्मजोशी है। यहां बाओतु चश्मा, दामिंग झील उद्यान और थाउजेंड बुद्धा माउंटेन इसे बागों का शहर बनाते हैं।

# प्राकृतिक सौंदर्य एवं श्रध्दा का केन्द्र है सोमनाथ

तरपोंगी शिवनाथ एवं खारून नदी का संगम स्थल सोमनाथ धार्मिक श्रध्दा और आस्था के साथ प्राकृतिक



सौन्दर्य का आनंद लेने वालों के लिए आकर्षण का केन्द्र है। यहां प्रतिदिन छुट्टियों का भरपूर मजा लेने के लिए दूर-दराज से लोगों का आना लगा रहता है। संगम स्थल की प्राकृतिक सुंदरता बरबस ही लोगों को आकर्षित करती है, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से हर साल दुर्घटनाएं हो जाती है। लगातार मांग के बावजूद शासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था एवं संगम स्थल पर सुविधाएं नहीं बढ़ाए जाने से लोगों में आक्रोश है। क्षेत्र के लोगों ने संगम स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का मांग की है। शिवनाथ एवं खारून नदी का संगम स्थल लोगों की धार्मिक आस्था एवं श्रध्दा का केन्द्र है। प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा एवं महाशिवरात्रि पर्व पर यहां मेला लगता है। सावन माह में शिवभक्तों की भीड़ संगम स्थल पर भूस्फटिक शिवलिंग के दर्शनार्थ उमड़ पड़ता है। पर्यटन का आनंद लेने के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोगों का भीड़ संगम स्थल पर हर रोज लगा रहता है। संगम स्थल पर नौका विहार करने के लिए लोग लालायित रहते हैं, परंतु सुरक्षा एवं सुविधा के अभाव में प्रतिवर्ष अनहोनी घटनाएं घटित हो जाती है। उल्लेखनीय है कि दो साल पहले नाव डूबने से संस्कार भारती स्कूल रायपुर के छात्रों की मृत्यु हो गयी थी। ऐसी अनहोनी दुर्घटनाओं से लोग पर्यटन के लिए यहां आने से हिचकने लगे हैं। क्षेत्र के लोगों ने संगम स्थल सोमनाथ में नाव एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का मांग की है। दुर्घटना के प्रमुख कारणों में सुरक्षित नाव का अभाव प्रमुख है। नदी किनारे तटबंध एवं सुरक्षित घाट बनाने का भी मांग शासन से किया है।


## सहारा वन पर देखिए
## हर रात जज़्बातों की बारात


07.30
हाय! पड़ोसी.. कौन है दोषी




08.00
शोर


08.30
हमारी बेटी राज करेगी



09.00
रिश्तों के भंवर में उलझी नियती


09.30
केसरिया बालम आओ हमारे देस


10.00
गंगा की धीज


10.30 :
माता की चौकी


11.00
काला साया


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, इंदौर
### जलयंत्रालय एवं ड्रेनेज विभाग

विज्ञप्ति क्रमांक. : 27

### निविदा विज्ञप्ति

दिनांक : 18/11/11

नगर पालिक निगम, इन्दौर के जलयंत्रालय एवं ड्रेनेज विभाग के अन्तर्गत केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से कांट्रेक्ट-बी फॉर्म पर निम्न कार्यों की निविदाएं तीन लिफाफा पद्धति में आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से संबंधित शर्तें एवं जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती हैं।

प्रथम लिफाफा में राष्ट्रीयकृत बैंक की अर्नेस्टमनी/एफ.डी.आर. एवं पंजीयन पत्र की प्रति, दूसरे लिफाफे में निविदा प्रपत्र सीलबंद कर दोनों लिफाफे को तीसरे लिफाफे में सीलबंद कर निविदा रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट द्वारा निर्धारित समयावधि में नगर शिल्पज्ञ, जलयंत्रालय विभाग (टेण्डर शाखा) कार्यालय में निर्धारित दिनांक को प्रस्तुत की जावेगी। निविदा विज्ञप्ति नगर पालिक निगम इंदौर की वेबसाइट www.imcindore.org पर भी उपलब्ध है।

| ग्रुप क्र. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | टेंडर फॉर्म का मूल्य | श्रेणी | समयावधि | लागू एस.ओ.आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | झोन क्र. 1 वार्ड क्र. 2 के अन्तर्गत गंगा कॉलोनी केशव धर्मशाला के पास मेनरोड से नाले तक 450 एम.एम. डाया की ड्रेनेज लाइन डालना। **अ.प.रू. 8,00,000=00** **(द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)** | 16,000/- | 2000/- | सी | 4 माह | एकीकृत एस.ओ.आर. दि. 1.6.2011 |
| 02. | झोन क्र. 14 वार्ड क्र. 59 के अन्तर्गत सांईबाबा नगर में मुख्य मार्ग पर 450 एम.एम. डाया की ड्रेनेज लाइन डालना। **अ.प.रू. 8,88,000=00** | 18,000/- | 2000/- | सी | 4 माह | एकीकृत एस.ओ.आर. दि. 1.6.2011 |
| 03. | झोन क्र. 1 वार्ड क्र. 4 के अन्तर्गत आराधना की बेक गली में ड्रेनेज लाइन डालना। **अ.प.रू. 8,65,000=00** **(द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)** | 17,500/- | 2000/- | सी | 4 माह | एकीकृत एस.ओ.आर. दि. 1.6.2011 |
| 04. | झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 64 के अन्तर्गत मरीमाता का बगीचा जबरन कॉलोनी पूजा इलेक्ट्रिक दुकान से सरकारी लेट्रीन एवं पास की गली में 300 एम.एम.डाया की सीवर लाइन डालना। **अ.प.रू. 2,75,700=00** **(चतुर्थ बार निविदा आमंत्रण)** | 6,000/- | 2000/- | सी | 2 माह | एकीकृत एस.ओ.आर. दि. 1.6.2011 |
| 05. | यशवंत सागर नवीन बांध के पास केम्प स्थल काफर डेम व्यू पॉइंट व बांध से देपालपुर की और मार्ग पर रेलिंग करने बाबद। **अ.प.रू. 9,32,750=00** **(द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)** | 19,000/- | 2000/- | सी | 3 माह | एकीकृत एस.ओ.आर. दि. 1.6.2011 |
| 06. | झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 64 के अन्तर्गत जबरन कॉलोनी के म.नं. 238 से 290 के पीछे गली में 300 एम.एम. डाया की ड्रेनेज लाइन डालना। **अ.प.रू. 2,30,125=00** **(छठी बार निविदा आमंत्रण)** | 5,000/- | 2000/- | सी | 2 माह | एकीकृत एस.ओ.आर. दि. 1.6.2011 |
| 07. | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 45 के अन्तर्गत पद्मावती कॉलोनी मे म.नं. 46 तक 450 एम.एम.डाया की ड्रेनेज लाइन डालना। **अ.प.रू. 5,80,000=00** **(द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)** | 12,000/- | 2000/- | सी | 3 माह | एकीकृत एस.ओ.आर. दि. 1.6.2011 |
| 08. | झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 64 के अन्तर्गत बैराठी कॉलोनी नं. 1 के पीछे बेक लेन के क्षतिग्रस्त पाइप के स्थान पर ड्रेनेज लाइन डालना। **अ.प.रू. 4,39,633=00** **(द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)** | 9,000/- | 2000/- | सी | 3 माह | एकीकृत एस.ओ.आर. दि. 1.6.2011 |
| 09. | झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 64 के अन्तर्गत जबरन कॉलोनी म.नं. 280 के पास वाली गली 300 एम.एम. डाया की ड्रेनेज लाइन डालना। **अ.प.रू. 2,22,700=00** **(द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)** | 5,000/- | 2000/- | सी | 2 माह | एकीकृत एस.ओ.आर. दि. 1.6.2011 |
| 10. | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 45 के अन्तर्गत विनोबा नगर में म.नं. 2 से म.नं. 40 तक 450 एम.एम. डाया की ड्रेनेज लाइन डालना। **अ.प.रू. 3,60,000=00** **(द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)** | 7,500/- | 2000/- | सी | 3 माह | एकीकृत एस.ओ.आर. दि. 1.6.2011 |
| 11. | झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 64 के अन्तर्गत मरीमाता का बगीचा मंदिर के पास एवं शिवधाम सरकारी लेट्रिन एवं पास की गली में 300 एम.एम. डाया की सीवर लाइन डालना। **अ.प.रू. 4,90,100=00** **(पंचम बार निविदा आमंत्रण)** | 10,000/- | 2000/- | सी | 3 माह | एकीकृत एस.ओ.आर. दि. 1.6.2011 |
| 12. | झोन क्र. 8 वार्ड क्र. 42 के अन्तर्गत हिना पैलेस की विभिन्न गलियों में ड्रेनेज लाइन डालना। (15 प्रदिशत राशि जनसहयोग से प्राप्त होगी) **अ.प.रू. 9,13,000=00** **(द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)** | 18,500/- | 2000/- | सी | 6 माह | एकीकृत एस.ओ.आर. दि. 1.6.2011 |
| 13. | झोन क्र. 9 वार्ड क्र. 29 के अन्तर्गत देवनगर म.नं. 216 से म.नं. 202 तक नई ड्रेनेज लाइन डालना। **अ.प.रू. 4,37,800=00** **(द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)** | 9,000/- | 2000/- | सी | 3 माह | एकीकृत एस.ओ.आर. दि. 1.6.2011 |
| 14. | झोन क्र. 1 वार्ड क्र. 2 के अन्तर्गत चंदन नगर कब्रस्तान के पहुँच मार्ग पर आर.सी.सी. पाइप लाइन डालना। **अ.प.रू. 4,51,000=00** **(द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)** | 9,500/- | 2000/- | सी | 3 माह | एकीकृत एस.ओ.आर. दि. 1.6.2011 |
| 15. | झोन क्र. 6 वार्ड क्र. 28 के अन्तर्गत लाला का बगीचा मेनरोड म.नं. 320 से म.नं. 389 तक सीवर लाइन डालना। **अ.प.रू. 8,57,039=00** **(द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)** | 17,500/- | 2000/- | सी | 4 माह | एकीकृत एस.ओ.आर. दि. 1.6.2011 |
| 16. | झोन क्र. 9 वार्ड क्र. 29 के अन्तर्गत यादव किराणा दुकान के पास से म.न. 182 देवनगर नाले तक नई ड्रेनेज लाइन डालना। **अ.प.रू. 2,69,000=00** **(द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)** | 5,500/- | 2000/- | सी | 2 माह | एकीकृत एस.ओ.आर. दि. 1.6.2011 |
| 17. | झोन क्र. 14 के अंतर्गत लालबाग की बावडी एवं झोन के अन्य स्थानों पर कुओं की गाद निकालना, ब्रिक मेसनरी करना, लोहे की जाली एवं अन्य आवश्यक कार्य करना। **अ.प.रू. 6,12,830=00** | 12,500/- | 2000/- | सी | 2 माह | एकीकृत एस.ओ.आर. दि. 1.6.2011 |
| 18. | झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 64 के अंतर्गत मोती तबेला फायर ब्रिगेड के पास क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाइन के स्थान पर नई 300 एम.एम. डाया की ड्रेनेज लाइन डालना। **अ.प.रू. 4,06,000=00** | 8,500/- | 2000/- | सी | 2 माह | एकीकृत एस.ओ.आर. दि. 1.6.2011 |
| 19. | झोन क्र. 5 वार्ड क्र. 34 के अंतर्गत लवकुश ''एफ'' सेक्टर मे ड्रेनेज लाइन डालना। **अ.प.रू. 9,75,500=00** | 20,000/- | 2000/- | सी | 5 माह | एकीकृत एस.ओ.आर. दि. 1.6.2011 |
| 20. | झोन क्र. 8 वार्ड क्र. 40 के अंतर्गत मायापुरी सेक्टर बी. में ड्रेनेज लाइन डालना। **अ.प.रू. 9,74,000=00** | 20,000/- | 2000/- | सी | 5 माह | एकीकृत एस.ओ.आर. दि. 1.6.2011 |
| 21. | झोन क्र. 14 वार्ड क्र. 59 के अंतर्गत द्वारकापुरी शनि मंदिर की गली मे 450 एम.एम. डाया की ड्रेनेज लाइन डालना। **अ.प.रू. 8,91,940=00** | 18,000/- | 2000/- | सी | 5 माह | एकीकृत एस.ओ.आर. दि. 1.6.2011 |
| 22. | झोन क्र. 9 वार्ड क्र. 29 के अंतर्गत यामाहा शोरूम के सामने से दवेनगर म.नं. 281 से देवनगर शिव मंदिर चौक तक ड्रेनेज लाइन डालना। **अ.प.रू. 8,43,000=00** **(द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)** | 17,000/- | 2000/- | सी | 4 माह | एकीकृत एस.ओ.आर. दि. 1.6.2011 |
| 23. | झोन क्र. 4 वार्ड क्र. 22 के शिवकंठ नगर बस्ती में नई ड्रेनेज लाइन डालना। **अ.प.रू. 9,77,150=00** | 20,000/- | 2000/- | सी | 5 माह | एकीकृत एस.ओ.आर. दि. 1.6.2011 |

1. **निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक व स्थान** : दिनांक 02/12/2011 दोपहर 1:30 बजे तक जलयंत्रालय एवं ड्रेनेज विभाग।
2. **निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक व स्थान** : दिनांक 09/12/2011 शाम 4:00 बजे तक नगर शिल्पज्ञ के कक्ष में निर्धारित टेंडर बॉक्स में।
3. **निविदा प्रपत्र खोलने की अंतिम दिनांक एवं स्थान** : दिनांक 09/12/2011 शाम 5:00 बजे के पश्चात नगर शिल्पज्ञ कक्ष में।

उपरोक्त दिनांक को किसी कारणवश अवकाश घोषित हो जाने की स्थिति में निविदा प्रपत्र क्रय व अर्नेस्टमनी जमा, अगले कार्यदिवस में की जाकर निविदा अगले कार्यदिवस में प्रस्तुत की जावेगी।

**नगर शिल्पज्ञ**
**जलयंत्रालय एवं ड्रेनेज विभाग**
**नगर पालिक निगम, इन्दौर**


जल ही जीवन है इसका अपव्यय न करें। पर्यावरण को सुरक्षित रखें।

IMC/11-12/27/254

# भंवरी का कंकाल तलाश रही पुलिस

जोधपुर। भंवरी के भंवर में फंसे राजस्थान में एक और महिला ने अपने पति पर कई रसूखदार लोगों के साथ मिल कर उसे नशीला पदार्थ खिलाने और उसकी अश्लील सीडी बनाने का आरोप लगाया है।

जयपुर की एक अधीनस्थ अदालत के आदेश पर सोमवार को पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद समेत 17 आरोपियों के खिलाफ वैशाली नगर थाने में इस संबंध में मामला दर्ज किया गया। उधर, बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में सीबीआई व राज्य सरकार को बुधवार तक राजस्थान हाईकोर्ट को यह जवाब देना है कि भंवरी जिंदा है अथवा उसके साथ कोई अनहोनी हो चुकी है। सोमवार को दो सौ से ज्यादा पुलिसकर्मियों ने लोहावट के धोरों में लगभग 20 किमी तक खेतों व ढाणियों में भंवरी के अवशेषों की तलाश की। साथ ही फोरेंसिक साइंस लेबोरेट्री के वैज्ञानिकों से भी पूछताछ की जिन्होंने आरोपी शहाबुद्दीन की उस बोलेरो की जांच की थी, जिसमें भंवरी का अपहरण हुआ था। सीबीआई इन वैज्ञानिकों से यह जानना चाहती थी कि उसी बोलेरो में तो भंवरी के साथ अनहोनी नहीं हुई थी स्पेशल टीम के डीआईजी गिर्राजलाल मीणा और सीबीआई के डीआईजी अशोक तिवारी ने सोमवार सुबह फलौदी एएसपी केसरसिंह के नेतृत्व में पांच टीमें बनाई। टीमों में कई अधिकारी, लाइन का जाब्ता और आरएसी की दो कंपनियां साथ भेजी गई। दस- बारह गाड़ियों का काफिला लोहावट थाने से निकला और जालोड़ा, दयाकौर व नहर के आस-पास का पूरा इलाका छानने के बाद भंवरी के अवशेष ढूंढ़ने की कोशिश की।



न्यूयॉर्क में लेडी गागा ने क्रिसमस के अवसर पर बार्नीज़ फैशन एंड लाइफस्टाइल स्टोर को विशेष ढंग से सजाया है। इस स्टोर में निजी तौर पर चुने गए खिलौने, परिधान, सौंदर्य प्रसाधन और सीडीज जैसे तोहफे हैं।

# कोहरे ने थामी रफ्तार

ग्वालियर। शहर के मौसम में तेजी से बदलाव आने से अधिकतम तापमान छह डिग्री नीचे चला गया है। सीजन में पहली बार कोहरे का असर दिखा। इस कारण विमान व ट्रेन सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई। दिल्ली-मुंबई विमान सेवा दोनों ओर से रद्द रही जबकि ट्रेनें एक से चार घंटे तक देर से आईं। मौसम विभाग के अनुसार सर्दी का प्रकोप अब लगातार बढ़ेगा और कोहरे का भी असर रहेगा। शहर में सोमवार सुबह से ही कोहरा छाया रहा, जिससे किला धुंधला सा नजर आया। रात 12.30 बजे दृश्यता बीस मीटर से भी कम रह गई। इससे वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई। शहर के मौसम में अचानक आए बदलाव के कारण ठंड ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। अधिकतम तापमान में तेजी से छह डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई और यह 25 डिग्री पर उतर आया। सुबह देर तक कोहरा छाए रहने व सूरज के तेवर में कमी आने से अब दिन में भी ठंड का अहसास होने लगा है। सोमवार को सूर्यास्त होने के साथ ही कोहरा छाने लगा था। इस मौसम में कोहरे का यह पहला आगोश है। मौसम विभाग ने अगले दो-तीन दिनों तक कोहरा छाने तथा न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की संभावना व्यक्त की है। वातावरण में नमी एवं उत्तर भारत में कुछ स्थानों पर हुई ओलावृष्टि के कारण सुबह से ठंडी हवा ने शहर के मौसम को अचानक बदल दिया। कोहरे के कारण सूरज की किरणों देर से धरती पर उतर सकीं। सूर्योदय के पहले कोहरे का असर इतना अधिक था कि 100 मीटर दूर तक का दृश्य नजर नहीं आ रहा था। पूरे दिन धूप हल्की ही बनी रही। जो कपड़े धूप में कल तक दो घंटे में सूख जाते थे, वे आज चार घंटे में भी नहीं सूख सके थे। प्लास्टिक की टंकियों का पानी भी सुबह तक काफी ठंडा हो गया था। मौसम विभाग के मुताबिक मौसम में अचानक बदलाव का कारण आर्द्रता अधिक हो जाना है। पिछले दिन की तुलना में अधिकतम आद्रता छह फीसदी बढ़त के साथ 94 फीसदी दर्ज की गई जबकि न्यूनतम सात फीसदी बढ़त के साथ 77 फीसदी दर्ज की गई। अधिकतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस गिरावट के साथ 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस कम था जबकि न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री गिरावट के साथ 15 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 3.7 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

## महिला मंत्रियों को नाचने वाली बोलना भूरिया को पड़ा मंहगा

भोपाल। राज्य महिला आयोग ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कांतिलाल भूरिया की कथित महिला विरोधी टिप्पणी पर उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री सुखप्रीत कौर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने पिछले दिनों आयोग को ज्ञापन सौंपा था। गौरतलब है कि भूरिया ने 16 नवंबर को भाबरा में आयोजित एक जनसभा में कथित तौर पर दो महिला मंत्रियों को नाचने वाली बताया था।

# पाकिस्तान में नहर बनाने में लगे चीन के इंजीनियरों पर आतंकी हमला, 5 मरे

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को संदिग्ध आतंकवादियों ने चीन के इंजीनियरों पर हमला कर दिया। इस हमले में चीनी इंजीनियर तो बाल-बाल बच गए लेकिन 5 लोगों की मौत हो गई और 11 लोग घायल हो गए। पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर इलाके में बसा यह प्रांत आतंकवादियों का गढ़ है। चीनी इंजीनियरों के दल पर हुए हमले में मारे गए लोगों में तीन सुरक्षाकर्मी भी शामिल हैं जो चीनी इंजीनियरों की सुरक्षा में चल रहे थे। यह हमला डेरा बुगती जिले में हुआ जहां प्राकृतिक गैस का अकूत भंडार है। चीन के अधिकारी पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर और दक्षिण-पश्चिम इलाकों में कई प्रोजेक्ट में काम कर रहे हैं। 'जिओ न्यूज' के मुताबिक आतंकवादियों ने यह हमला चीनी इंजीनियरों के ट्रांसपोर्ट वैन पर किया। यह हमला उस वक्त हुआ जब चीनी इंजीनियरों की एक टीम कच्ची कैनाल का मुआयना करने जा रही थी। हमले में घायल लोगों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। इस बीच पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मरदान शहर में एक लड़कियों के स्कूल पर किए गए बम हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और नौ अन्य लोग घायल हो गए। यह धमाका मरदान शहर के बाहरी इलाके में लड़कियों के सरकारी स्कूल की दीवार में रिमोट संचालित बम लगाकर किया गया। धमाका उस वक्त हुआ जब पुलिस दीवार में किसी संदिग्ध वस्तु के रखे होने की जांच करने पहुंची थी। धमाके के वक्त स्कूल में छुट्टी थी।

# बिहार में दो बहनों की हत्या

छपरा। बिहार में सारण जिले के मांझी थाने के अंतर्गत सुघर छपरा गांव में अज्ञात अपराधियों ने दो लड़कियों की हत्या कर शव को गांव के ही कुएं में फेंक दिया। लड़कियों का शव मंगलवार को बरामद कर लिया गया। दोनों ही लड़कियां सोमवार से लापता थीं।

मांझी थाना प्रभारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि सुघर छपरा गांव निवासी लियाकत हुसैन की दो बेटियों को उनकी मां ने बाजार भेजा था। इसके बाद उनका पता नहीं चल पाया। उनका शव उनके घर के ही पास के कुएं में देखा गया। इसके बाद पुलिस को इस बारे में सूचना दी गई। उनके मुताबिक, दोनों शवों को कुएं से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतका दोनों बहनों की उम्र 10 और 12 वर्ष बताई गई है। पुलिस ने मृतका के पिता के बयान पर हत्या का मामला दर्ज किया है। उसने अपनी बेटियों की हत्या कर उनका शव कुएं में फेंक देने की आशंका जताई थी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# कालाधन मामले में एलजीटी बैंक खाताधारकों को नोटिस

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय [ईडी] ने एलजीटी बैंक के खाताधारकों को विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले में नोटिस जारी किया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड [सीबीडीटी] ने ईडी के पास 17 ऐसे मामले भेजे हैं। आयकर विभाग ने इन मामलों में अभियोजन शुरू किया है ईडी ने मुंबई, दिल्ली और अन्य शहरों में इन खाताधारकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। शीर्ष सूत्रों के मुताबिक ईडी इन खातों के जरिए विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम [फेमा] के संदिग्ध उल्लंघन की जांच कर रहा है और कुछ मामलों में बयान रिकार्ड किए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ मामलों में सम्मन भेजने और दस्तावेज पेश करने के बावजूद लोग नहीं आए। ईडी ने आयकर विभाग को इन मामलों में अतिरिक्त दस्तावेज मुहैया कराने के लिए कहा है। सरकार ने जर्मन सरकार द्वारा मुहैया कराई गई सूचनाओं के आधार पर लिसटेंस्टाइन के एलजीटी बैंक के 18 खाताधारकों पर 24.66 करोड़ रुपये का दंड लगाया है। जर्मनी ने पिछले साल एलजीटी बैंक के भारतीय खाताधारकों के नाम उपलब्ध कराए थे।

# बंदूकधारी ने किया आत्मसमर्पण

श्राइवर वायु ठिकाना [अमेरिका]। अमेरिका के कोलोराडो वायु सेना ठिकाने की एक इमारत में हथियार के साथ घुसे एक सुरक्षाकर्मी ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इस व्यक्ति ने सोमवार स्थानीय समयानुसार सुबह आठ बजे समर्पण किया। इसके बाद अधिकारियों ने उसे हिरासत में ले लिया। अधिकारियों ने बताया कि बंदूकधारी एक इमारत में था, जहा वायुसेना कर्मी मौजूद थे। अफरा-तफरी के बीच इमारत को खाली कराया गया। वायु सेना ठिकाने की प्रवक्ता जेनिफर थाइबॉल्ट ने बताया कि वायुसेना ठिकाने में जीपीएस का कंट्रोल रूम पूरी तरह सुरक्षित हैं और वहा सुरक्षा बल मौजूद हैं। इस बंदूकधारी का नाम, पद और अतीत के सेवाओं के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

# वर्ल्डकप विजेता महिला खिलाड़ियों का पहले होटल और फिर सड़क पर अपमान

लुधियाना। एक ही दिन बीता और महिला खिलाड़ियों की बदहाली की हकीकत सामने आ गई। कबड्डी वर्ल्ड कप के दूसरे दिन ही सरकार का रवैया पूरी तरह बदल गया। वर्ल्ड कप की आखिरी शाम रविवार को 30 हजार दर्शकों के बीच दमखम दिखा रहीं विश्व विजेता महिला खिलाड़ी दूसरे दिन सड़क पर ऑटो के लिए भटकती रहीं। इससे पहले जो हुआ वह भी दुखद था, जिस होटल भी ये लड़कियां ठहरी थीं उसके बिल को लेकर भी दो घंटे तक विवाद रहा। पैसे चुकाने को आश्वासन मिलने के बाद ही उन्हें होटल से जाने दिया गया। होटल पार्क प्लाजा में रह रहीं टीमें जब सोमवार को 12 बजे घर वापसी के लिए चेक-आउट करने लगी तो होटल मैनेजमेंट ने खिलाड़ियों के पेमेंट को लेकर अड़ंगा डाल दिया। होटल वालों की मानें, तो खिलाड़ियों ने होटल के अंदर से खाने- पीने की चीजें उपयोग की हैं, जिसके लिए उन्हें एक्सट्रा पेमेंट करना है। टीम के नाम लगभग 22 हजार का एक्सट्रा पेमेंट निकला। ऐसे में कोच व होटल कर्मी के बीच एक्सट्रा पेमेंट को लेकर बवाल खड़ा हो गया। काफी देर बाद होटल मैनेजमेंट को पेमेंट का आश्वासन दिए जाने पर भारतीय टीम को 2 घंटे बाद चेक-आउट करने को मिला। पंजाब के स्पोर्ट्स डायरेक्टर परगट सिंह ने कहा कि आयोजन समिति की ओर से पूरी व्यवस्था की गई थी। खिलाड़ियों और टीम मैनेजर्स को बड़े-बड़े होटलों में ठहराया गया। आने-जाने के लिए बसों की व्यवस्था भी की गई। यह टीम मैनेजर्स की जिम्मेदारी थी।

## घाटकोपर ब्लास्ट का आरोपी तौफीक नोएडा में धरा गया

नोएडा। 2003- मुंबई घाटकोपर ब्लास्ट का आरोपी आतंकी तौफीक को मंगलवार को नोएडा स्थित मोरना बस डिपो से गिरफ्तार किया गया। एटीएस ने तमिल सीबीसीआईडी के साथ मिलकर तौफीक को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि तौफीक नेपाल भागने की फिराक में था। उसके तार अरब, बांग्लादेश और नेपाल से जुड़े रहे हैं। वह तमिल आतंकी संगठन न्यू विजन का भी सदस्य रहा है।

# क्रांतिकारी पेशकश से घरों और छोटे दफ्तरों में बदलेगी प्रिंटिंग की तस्वीर

बंगलुरु। डिजीटल इमेजिंग में दुनिया की अग्रणी कंपनी एप्सन ने अपनी मौजूदगी के इतिहास में सबसे क्रांतिकारी प्रिंटिंग प्रोडक्ट्स पेश भारत में पेश करने की घोषणा की है। विश्व के पहले असली ब्रांडेड इंक टैंक सिस्टम प्रिंटरों- एप्सन एल100 और एप्सन एल 200 इंकजेट ऑल इन वन के रूप में यह क्रांतिकारी पेशकश की गई है। भारत और कुछ दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के लिए खास तौर से तैयार किए गए ये प्रिंटर पहले दक्षिण पूर्व एशिया में 2010 में पेश किए गए थे और वहां के बाजारों में इन उत्पादों ने जबर्दस्त कामयाबी हासिल की। नए प्रिंटरों में एप्सन का ऑरिजनल इंक टैंक है जिससे प्रिंटिंग की उत्पादकता बढ़ती है और लागत इतनी कम होती है कि दूसरे प्रिंटर उसका मुकाबला नहीं कर सकते। वर्षों से भारत में इंकजेट प्रिंटरों के उपभोक्ता इंक कार्टिजेज़ की लागत से परेशान रहे हैं और प्रति पेज प्रिंटिंग की लागत भी बहुत आती है। इससे देश में नकली कार्टिजेज़ का बड़ा बाजार पनप गया है जिनमें नकली रिफिल्स भी शामिल हैं। ये नकली कार्टिजेज़ सस्ती तो होती हैं लेकिन प्रिंटरों का भट्टा बैठा देती हैं और उपभोक्ता को इसके खराब नतीजों का देर से पता चलता है। लागत के प्रति बेहद सजग भारतीय उपभोक्ताओं की इस चिंता को समझते हुए एप्सन ने दो नए प्रिंटर पेश किए हैं जो नकली कार्टिजेज़ के बाजार को भी सिमटा देंगे। ये प्रिंटर 70 मिलीलीटर की काली इंक बोतल के साथ आए हैं जो 4000 ब्लैक पेज प्रिंट कर सकते हैं1द्ध और 70 मिलीलीटर के तीन कलर इंक बोतल से 6500 पृष्ठों की प्रिंटिंग हो सकती है एक ब्लैक और तीन कलर बोतलों के प्रत्येक सैट से ये प्रिंटर .10 पैसे प्रति पृष्ठ्ठ ब्लैक और .20 पैसे प्रति कलर पृष्ठ्ठ की बेहद कम लागत लेते हैं। इसके अलावा प्रत्येक यूनिट दो अतिरिक्त ब्लैक इंक बोतल के साथ मिलती है जो उपभोक्तओं के पैसे का पूरा हक अदा करती है। एप्सन माइक्रो पिज़ो ₹ के प्रिंट हैड से एप्सन एल100 और एल200 में अधिकतम 5760गुना1440 डीपीआई का प्रिंट रिजोल्यूशन मिलता है और विभिन्न आकार की ड्रॉपलेट टैक्नोलॉजी से प्रिंटहैड तीन आकार की इंक ड्रॉप निकालता है। इन क्षमताओं से शानदार छपाई और फोटो की बढ़िया ग्रेड मिलती है। एप्सन इंडिया के कंज्यूमर प्रोडक्ट ग्रुप के उप महाप्रबंधक श्री एस एम रामप्रसाद ने कहा- ङ्खएप्सन हमेशा उच्च प्रदर्शन के प्रिंटिंग सोल्यूशन देने के लिए प्रयासरत है ताकि उपभोक्ताओं को बढ़िया क्वालिटी की प्रिंटिंग के उत्पाद सस्ती लागत पर दिए जा सकेंः। एप्सन एल100 और एल200 इन्हीं प्रयासों का नतीजा हैं। ये प्रिंटर विशेष रूप से भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकसित किए गए हैं। लिहाजा हमें विश्व में असली ब्रांडेड इंक टैंक प्रणाली के ये उत्पाद भारत में पेश करते हुए गर्व हो रहा है। हमें उम्मीद है कि ये भारतीय बाजार में बहुत लोकप्रियता हासिल करेंगे। एप्सन एल100 और एल200 एप्सन की एफआईटी (फास्ट इंक टॉप अप) टैक्नोलॉजी है जो तीन विशेष कंपोनेंट के लिए डिजाइन की गई है। ये हैं 1)एप्सन ऑरिजनल इंक टैंक 2)इंटीग्रेटेड इंक ट्यूब्स और 3)विशेष चोक वॉल्स। ये सभी इंक की आसान रिफिलिंग और प्रिंटर का सुविधाजनक परिवहन सुनिश्चित करते हैं।

# छत्तीसगढ़ के ब्रान्डेड चावल बाजार में अदानी विल्मर लिमिटेड का प्रवेश

रायपुर। खाद्य तेल के अग्रणी मैन्युफेक्चरर और डिस्ट्रीब्युटर अदानी विल्मर लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ के ब्रान्डेड चावल बाजारमें प्रवेश कर लिया है। पीलाफ बासमती चावल ब्रान्ड के लॉन्च के साथ ही आरोग्य और स्वाद के प्रति अपनी कटिबद्धता को कायम रखते हुए अदारनी विल्मर ने ब्रान्डेड चावल बाजार में प्रवेश किया है। 18 नवंबर 2011 के दिन रायपुर में पीलाफ बासमती की नई रेंज के लान्च के साथ अदानी विल्मर लिमिटेड का उद्देश्य अपने खाद्य तेल की सफलता का पुनरावर्तन करने का है। प्रीमियम पीलाफ गोल्ड बासमती की शुद्ध और मुख्य किस्म पूरे




छत्तीसगढ़ में 500 ग्राम, 1 किलो, 10 किलो और 25 किलो के आकर्षक ग्राहक पैकिंग में उपलब्ध कराई गई है। लान्च के अवसर पर अदानी लिमिटेड के सीओओ अंशु मलिक ने कहा कि अदानी विल्मर लिमिटेड पीलाफ बासमती चावल केः छत्तीसगढ़ में लान्च को लेकर बहुत ही उत्साहित है। हम प्रीमियम बासमती चावल की संपूर्ण रेंज पेश कर रहे हैं। स्पर्धात्मक अडचनों को दूर करते हुए तेजी से आगे बढ़ने की सोच रहे हैं। हमारा प्रोडक्ट अलग-अलग आकर्षक रेंज में उपलब्ध होगा जहां ग्राहक फुल ग्रेन, टीबर, दुबर, मोगरा, मिनी मोगरा जैसी चावल की वैरायटी में से अपनी पसंद ले सकेंगे। करनाल में स्थित सर्वश्रेष्ठ्ठ स्थानिक मैन्युफेक्चरिंग युनिट में इसे बनाया गया है। यह ब्रांड राजस्थान, पश्चिम बंगाल, झारखंड, उत्तर-पूर्व, बिहार, मध्य प्रदेश और उड़ीसा में लान्च की जा चुकी है। अब हमारा मुख्य ध्यान छत्तीसगढ़ के बाजार पर केंद्रित है। हम मौजूदा वित्तीय वर्ष के अंत तक पूरे देश को कवर करने का सोच रहे हैं। अपने रैपिड इंडिया एक्सपैंशन प्लान के तहत अदानी विल्मर लिमिटेड ब्रान्डेड चावल मार्केट में प्रवेश कर रही है। बासमती चावल के बाजार में तेजी से आगे बढ़ने के अवसर दिख रहे हैं। इसी कारणवश ग्रुप हरियाणा और पंजाब में नए प्लांट लगाने पर भी काम कर रहा है। क्रिसील के अंदाज अनुसार भारत में से बासमती चावल का निर्यात 2011-12 में 15 से 20 प्रतिशत बढ़कर अंदाजन 3 मिलियन टन तक पहुंचेगा। बसामती चावल का स्थानिक उपयोग वार्षिक 15 प्रतिशत तक बढ़ने की संभावना दिख रही है। ब्रान्डेड बासमती चावल का उपयोग बढ़ा है क्योंकि मध्यम आवक वाले वर्ग का खर्च शक्ति बढ़ी है।

# ह्रितु ने धनबाद में एक्सक्लुसिव स्टोर 'दिया डायमन्ड्स' का उद्घाटन किया

धनबाद। हाऊस ऑफ गीतान्जलि की तरफ से भारत के अग्रणी ज्वेलरी ब्रान्ड दिया डायमन्ड्स ने धनबाद में आज अपने एक्सक्लुसिव आऊटलेट का उद्घाटन किया। मषहूर टॉलिवुड एक्टर और भारतीय टेलीविजन स्टार ह्रितु दुदानी ने गीतान्जलि ब्रान्ड लि. के मैनेजर मार्केटिंग एवं ऑपरेषन्स श्री चिराग़ एस. बागरिया और गीतान्जलि ब्रान्ड्स लि. के हेड फ्रेन्चाईज़ी बिज़नेस श्री अनिल राठौर के साथ स्टोर का उद्घाटन किया। यह नया षोरुम ओजोन मॉल में स्थित है और सभी अवसरों के लिए उत्कृश्ट डायमन्ड ज्वेलरी प्रस्तुत करता है। सभ्य परम्परागत परिधान में षालीन ह्रितु दुदानी ने स्टोर पर कुछ हल्की वजन की वेडिंग ज्वेलरी संग्रह का प्रदषन किया। दिया डायमन्ड्स काफी वहनषील कीमतों में एक्सक्लुसिव और ट्रेन्डी ज्वेलरी की विस्तृत श्रृंखला प्रस्तुत करता है। इस आऊटलेट में सुन्दर पेन्डन्ट, ईयरिंग, रिंग्स और ब्रेसलेट्स सहित रमणीय आभूषणों का संग्रह है। अतः यहाँ पर ग्राहकों को उचित कीमतों में विविध ज्वेलरी संग्रह के लिए वन स्टॉप सॉल्यूषन मिल जाता है। हर आभूशण पर बी. आई. एस. हॉलमार्क लगा है और इसके साथ गीतान्जलि का विष्वसनीयता का सर्टिफिकेट भी दिया जाता है। यह झारखन्ड में दिया केएक्सक्लुसिव बुटीक का पहला उद्घाटन था। इस अवसर पर चिराग ने बताया, ''हमें खुषी है कि हम ग्राहकों को दिया डायमन्ड्स ज्वेलरी के द्वारा अद्वितीय और सामयिक डिजाईन प्रस्तुत कर रहे हैं जो हर मनोभाव, क्षण और अवसर पर सटीक समायोजित हो जाते हैं। ये आभूशण सर्टिफाईड हैं और वहनषील हैं जिसके कारण यह गीतान्जलि का सबसे तेजी से विकसित होता हुआ ब्रान्ड है। यह स्टोर ग्राहकों को परम्परागत ज्वेलर के अनुभव के साथ आधुनिक षोरुम के लुक में षॉपिंग का बेहतर अनुभव प्रदान करता है।''





## पोल खुल गई बड़े अस्पताल की

# फूड-पॉयजनिंग से बिमार छात्राओं के इलाज में लापरवाही

**इंदौर 22 नवम्बर।** प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल की उस वक्त पोल खुली जब नर्सिंग कॉलेज की 60 से ज्यादा छात्राएं फूड-पॉयजनिंग से बीमार होकर वहां पहुंची तो उन्हें दवा तक नसीब न हुई। अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। एमवाय अस्पताल के ठीक पीछे सीआरपी लाइंस परिसर स्थित नर्सिंग कॉलेज की 60 से ज्यादा छात्राओं को देर रात तक उल्टी व पेट दर्द होने के कारण एमवायएच लाया गया था। केजुअल्टी के पूरे स्टाफ ने ताबड़तोड़ सारे कमरे खाली करवाए, यहां तक कि सालों से बंद पड़े माइनर ओटी को भी खुलवाकर छात्राओं का इलाज शुरू किया गया।

इस बीच अधीक्षक डॉ. वीएस भाटिया व अन्य अफसर वहां व्यवस्था का जायजा लेने आ पहुंचे थे। इधर बीमार छात्राओं को पहले सलाइन लगाई गई। फिर जब जहर को खत्म करने के लिए डोक्सीसाइक्लीन नामक गोली मंगवाई तो केजुअल्टी में वह गोली नहीं मिली। हल्ला मचा तो लोगों ने स्टोर इंचार्ज गेंदूलाल हेमराज को खोजा तो वह कहीं नहीं मिला, फिर जब अस्पताल के दवा सप्लायर सांईबाबा इंटरप्राइजेज के संचालक से संपर्क किया तो उसका मोबाइल भी बंद मिला। कुछ डॉक्टरों ने एक अन्य दवा विक्रेता दशमेश इंटरप्राइजेज से संपर्क कर मदद की गुहार लगाई, तब जाकर गोलियां मिली। अधीक्षक डॉ. भाटिया ने इस लापरवाही व अव्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए देर रात ही मामले की जांच के आदेश दिए। नर्सिंग होस्टल की वार्डन कहती है मेस में पर्याप्त सफाई रहती है, पीडित छात्राओं का आरोप खाना अच्छा नहीं मिलता। कई घंटों बाद भी खुलासा नहीं हुआ कि खाना कैसे जहरीला हुआ था। सोमवार रात सीआरपी लाइंस स्थित नर्सिंग कॉलेज की 60 से ज्यादा छात्राएं फूड पॉयजनिंग का शिकार हुई थीं। देर रात जब उन सभी का केजुअल्टी में इलाज चल रहा था। वहां आई अधिकांश छात्राओं ने बताया कि मेस का खाना अच्छा नहीं है, कई बार वे इस बात की शिकायत भी कर चुकी हैं। फिर भी होस्टल प्रबंधन ने सालों पुराने मेस संचालक उमाशंकर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। बताया गया है कि उमाशंकर पहले एमवाय अस्पताल में ही काम करता था। कल दोपहर को उन्हें आलू-मैथी की भाजी परोसी गई थी। शाम को उन्हें शिमला मिर्च-आलू की सब्जी दी गई थी। दोपहर से ही कुछ छात्राओं को पेट दर्द होने लगा था। शाम के खाने के बाद तो हालत खराब होने लगी थी। इधर होस्टल की वार्डन रीटा बैंजामिन ने बताया कि कुछ समय पहले छात्राओं ने मेस के खाने की शिकायत की थी। तबसे ही हॉस्टल की दो लड़कियों की मेस में रोटेशन से ड्यूटी लगाई गई है। वे लड़कियां इस बात का ध्यान रखती हैं कि मेस में पर्याप्त सफाई है, सब्जी व दाल-चांवल बनाने से पहले ठीक से धोकर साफ किए जा रहे हैं या नहीं। जब हॉस्टल से बीमार छात्राओं को इलाज के लिए लाया गया तो केजुअल्टी में मौजूद सारे मेल नर्स, वार्ड बॉय और डॉक्टर्स हरकत में आ गए थे। आम तौर पर तो सामान्य मरीज को पर्ची बनवाने के बाद घंटों अपनी बारी आने का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन छात्राओं के लिए पर्ची बनवाने की बाध्यता भी नहीं थी। सभी छात्राओं को ताबड़तोब वार्ड में लेटाकर सलाइन लगाई जा रही थी। कल शाम तक हड़ताल के नाम पर दूर रहे जूनियर डॉक्टर्स भी छात्राओं के इलाज में कूद पड़े थे। उन्हे देखकर लग रहा था कि काश हर मरीज के इलाज में ऐसी ही तत्परता दिखाई जाए। फूड पायजनिंग की शिकार नर्सों का दूसरे दिन भी अस्पताल पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। मंगलवार सुबह भी करीब 15 नर्सों को उल्टी-दस्त की शिकायत के चलते एमवाय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। लगातार बढ़ती संख्या के बीच उन्हें उपचार के लिए चौथी मंजिल के 20 नम्बर स्वाइन फ्लू वार्ड में भर्ती किया गया है। इस पूरे मामले में कॉलेज व अस्पताल प्रबंधन दोषियों को बचाने के प्रयास कर रहा है। दूषित खाने के सेंपल पुलिस को जांच के लिए नहीं सौंपे गए हैं। टीआई संयोगितागंज शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि खाने के सैंपल अस्पताल अधीक्षक द्वारा जांच के लिए लिए गए हैं। प्रबंधन जांच के बाद रिपोर्ट देता है तो कार्रवाई की जाएगी। अभी तक इस मामले में पुलिस को कोई शिकायत नहीं की गई है। बीमार छात्राओं के आने से पहले केजुअल्टी के एक वार्ड में 5-7 मरीज थे। वे अस्पताल में भर्ती होना चाहते थे, लेकिन सीएमओ उन्हें रेफर नहीं कर रहे थे। जैसे ही बीमार छात्राओं का सिलसिला शुरू हुआ। वार्ड खाली कराने की गरज से सभी मरीजों को ताबड़तोड़ मुख्य अस्पताल के विभिन्न वार्डों में शिफ्ट करवाया गया था।

## नवीन पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों की स्थापना के लिये आवेदन-पत्र 31 दिसम्बर तक जमा होंगे

**इंदौर 22 नवम्बर।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिसर, नई दिल्ली द्वारा नवीन पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों की स्थापना एवं पुराने पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों की निरंतरता के लिये आवेदन-पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर, 2011 निर्धारित की गयी है। आवेदन निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाइन जमा किए जाएँगे। संचालक तकनीकी शिक्षा ने प्राचार्यों को 29 नवम्बर, 2011 तक अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् को ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने के निर्देश दिये हैं।

## गणित के प्रश्न-पत्र में सी.सी.ई. 25 अंक का होगा

**इंदौर 22 नवम्बर।** सत्र 2011-12 में लागू एकल प्रश्न-पत्र प्रणाली के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के लिए गणित को अन्य विषयों के समतुल्य रखने की दृष्टि से 150 अंक के एकल प्रश्न-पत्र में सी.सी.ई. (सतत समग्र मूल्यांकन) 25 अंक का एवं सैद्धांतिक प्रश्न-पत्र 125 अंक का होगा। आयुक्त उच्च शिक्षा द्वारा बताया गया है कि गणित के अतिरिक्त अन्य समस्त विषयों के प्रश्न-पत्रों में सी.सी.ई. 15 एवं सैद्धांतिक प्रश्न-पत्र 85 अंक का होगा। प्रायोगिक प्रश्न-पत्र में सी.सी.ई. का समावेश नहीं किया गया है।

## पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक ने रेल मंत्री से प्राप्त की शील्ड



पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री महेश कुमार ने इस सप्ताह सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित 56वें वार्षिक रेलवे राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में सभी क्षेत्रों में कुशल निष्पादन तथा सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय रेलवे हेतु रेलवे बोर्ड की प्रतिष्ठा पं.गोविन्द वल्लभ पंत शील्ड माननीय रेल मंत्री श्री दिनेश त्रिवेदी के हाथों प्राप्त की। भारतीय रेल के सभी 17 क्षेत्रीय रेलों में से सभी क्षेत्रों में से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली क्षेत्रीय रेलवे को पंडित गोविन्द वल्लभ पंत शील्ड प्रदान की जाती है।



अहिल्या पल्टन में कालू उर्फ नरेश लोधी की हत्या के आरोपी गोपाल बसोड़ और उसके लड़के हरिश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आक्रोषित लोगों ने नरेश की शव यात्रा के दौरान चक्काजाम भी किया।

# नए बिजली कनेक्शन के आवेदन धूल खा रहे

**इंदौर 22 नवम्बर।** उपभोक्ताओं को बिजली के नए कनेक्शन नहीं दिए जा रहे हैं। इस कारण लोगों को जहां परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और उनके आवेदन अफसरों की टेबल पर धूल खा रहे हैं। नए कनेक्शन नहीं देने के पीछे कारण कंपनी में मीटर खत्म होना बताया जा रहा है। जिसे मंगवाने की सुध अभी तक किसी ने नहीं ली है।

हालांकि मामले में शिकायत सीएमडी डीपी आहुजा तक भी पहुंची है, लेकिन लोगों की समस्या हल करने पर उनका भी ध्यान नहीं है। पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के पोलोग्राउंड स्थित मुख्यालय सहित जोनल ऑफिसों पर थ्री फेस और सिंगल फेस के नए कनेक्शनों के ढेरों आवेदन पड़े हैं, लेकिन कनेक्शन नहीं दिए जा रहे हैं। लंबे समय से आवेदन देने के बावजूद नए कनेक्शन नहीं मिलने पर जब लोगों ने ऑफिसों के चक्कर लगाकर पड़ताल की तो पता चला कंपनी में मीटर ही खत्म हो गए हैं, जिसे मंगवाने की जहमत अफसरों ने अभी तक नहीं उठाई है। इस कारण परेशानी आम लोगों को उठाना पड़ रही है, जिस पर किसी जिम्मेदार का ध्यान नहीं है। बिजली कंपनी के सूत्रों का कहना है मीटर खत्म हुए करीब डेढ़ महीना हो गया है। इसकी जानकारी कंपनी के बड़े अफसरों को भी है, लेकिन मीटर क्यों नहीं मंगवाए जा रहे हैं पता नहीं। नए कनेक्शनों को लेकर लोगों के आवेदन जोनल ऑफिसों पर पड़े होने के साथ धूल खा रहे हैं, लेकिन कनेक्शन नहीं मिल रहे हैं। इस वजह से जहां लोग दिक्कत झेल रहे हैं, वहीं कंपनी को राजस्व का नुकसान अलग हो रहा है। लोगों की जरूरत को देखते हुए कंपनी ने पिछले दिनों मीटर मंगवाए थे, लेकिन वे साइज में बड़े आ गए। इस कारण मीटर पैनल बोर्ड यानी दीवार पर लगाने वाली लकड़ी की फ्रेम में फिट नहीं हुए, क्योंकि लोगों के यहां लगे पैनल बोर्ड छोटे हैं। बावजूद इसके कंपनी ने लोगों के यहां बड़े मीटर लगाए, जो कि यह भी खत्म हो गए हैं। बिजली वितरण कंपनी में एक तरफ जहां मीटर खत्म हो गए हैं, वहीं रीडिंग डायरी भी नहीं है। मीटर रीडरों को डायरी में अलग से पन्ने चिपका-चिपका कर काम करना पड़ रहा है। ?से में कई उपभोक्ताओं की रीडिंग इधर से उधर हो जाती है, जिसके कारण बिल की राशि कम-ज्यादा होने से कभी कंपनी का, तो कभी लोगों का नुकसान हो जाता है, लेकिन कंपनी के अफसरों को इससे कोई सरोकार नहीं है।



एसएसपी कार्यालय के पास पकड़े गई उल्लू को वन विभाग ले गया।




अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर
पार्ट टाईम जॉब हेतु सम्पर्क करें
मोबा.- 9329756000

क्लासीफाईड
सभी समाचार पत्रों के लिए क्लासीफाईड, जाहिर सुचना एवं अन्य विज्ञापनों के प्रकाशन के लिए सम्पर्क करें।
तुलसी प्रिंट मीडिया
सुरेश कुमार प्रजापत
मो.9406623155

## साढ़े 23 हजार हितग्राहियों को साढ़े 10 करोड़ की मदद

**इंदौर 22 नवम्बर।** इंदौर जिले में राज्य शासन के निर्देशानुसार जरूरतमंद हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिये विकासखण्ड स्तरीय दीनदयाल अंत्योदय मेले के आयोजन का सिलसिला जारी है। इस सिलसिले में इंदौर जिले में अब तक दो खण्ड स्तरीय अंत्योदय मेले आयोजित हो चुके हैं। इन दोनों मेलों में साढ़े 23 हजार हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत साढे 10 करोड़ रूपये की मदद एक साथ दी जा चुकी है। इस क्रम में तीसरा अंत्योदय मेला 11 दिसम्बर को देपालपुर के भागीरथ सिलावट शासकीय महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित होगा । इस मेले में देपालपुर विकासखण्ड के हजारों हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत जरूरत के मुताबिक आर्थिक मदद देकर एक साथ लाभान्वित किया जायेगा । मेले की व्यापक तैयारियाँ शुरू हो गयी हैं। इस मेले में लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत चयनित बालिकाओं को राष्ट्रीय बचत-पत्र भी सौंपे जायेंगे ।कलेक्टर श्री राघवेन्द्रसिंह ने मेला आयोजन के लिये विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं । इन अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि वे सौंपे गये कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा करें । साथ ही ध्यान रखे कि मेले में आने वाले हितग्राहियों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं आये । मेला आयोजन की तैयारियों की मानिटरिंग एवं पर्यवेक्षण का कार्य जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गोपालचन्द्र डाड को सौंपा गया है ।




## फेसबुक पर किसी ने बना दी मंत्री जी की फर्जी प्रोफाइल

**इंदौर 22 नवम्बर।** फेसबुक पर किसी लोकप्रिय शख्सियत की फर्जी प्रोफाइल बनाने का क्रम जारी है। अब फर्जी प्रोफाइल बनी है खेल एवं युवक कल्याण व पर्यटन मंत्री तुकोजीराव पवार की। उनकी फर्जी प्रोफाइल में जो 38 लोग जुड़े हैं उनमें अधिकतर कांग्रेसी हैं। जैसे ही श्री पवार को उनके नाम से फर्जी प्रोफाइल की सूचना मिली तो तत्काल उन्होंने इसकी शिकायत सीएसपी को की। कुछ दिन पहले ही मंत्री पवार के फोटो के साथ उनके नाम की प्रोफाइल तैयार हुई। इसमें उनके पद का उल्लेख किया गया मिनिस्टर ऑफ स्पोर्ट्स एंड टूरिज्म। जन्मदिन लिखा गया 17 नवंबर 1965 और उनके जन्मदिन पर कई लोगों ने शुभकामना संदेश भी भेजे। फ्रेंड लिस्ट में भाजपा के एक मात्र बड़े नेता हाटपीपल्या विधायक दीपक जोशी नजर आए। प्रोफाइल में गड़बड़ी नजर आने पर सोमवार को उनसे संपर्क करने का प्रयास किया। फोन पर चर्चा नहीं होने पर विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल को जानकारी दी गई। विधायक प्रतिनिधि श्री अग्रवाल ने बताया मंत्री श्री पवार ने फेसबुक पर कोई आईडी नहीं बनाया है। हमने सीएसपी महेंद्र तारणोकर को इस संबंध में शिकायत की है, उन्होंने मामले की जांच कर फर्जी प्रोफाइल बनाने वाले को जल्द पकड़ने की बात कही है। पूर्व में महापौर रेखा वर्मा के नाम की भी फर्जी प्रोफाइल बनाई गई थी।

मे. अवन्तिका प्रकाशन के लिये प्रकाशक, मुद्रक पवन शर्मा द्वारा श्री दीपक प्रिंटर्स 20, जूनी कसेरा बाखल, इन्दौर से मुद्रित एवं प्रकाशित । फोन 4299744, फेक्स 4299744 उज्जैन 2554455* सम्पादक- दीपक शर्मा, स्थानीय सम्पादक स्वरूपचंद्र गुप्ता ❖ समाचार चयन के लिये पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।